PRIVATE MEMBERS' RESOLUTIONS

Taking effective steps for providing safe drinking water and setting up a Central Drinking Water Advisory Board

उपसभापति : श्री अबू आसिम आजमी । क्या यह आपका पहला रेजोल्यूशन है, मेडम है?

श्री अबू आसिम आजमी (**उत्तर प्रदेश**) **:** जी ।

उपसभापति : आप आगे आ जाइये। ...(**व्यवधान**)... आगे से बोलिए । ...(**व्यवधान**)... ये रेजोल्यूशन मूव कर रहे हैं और आगे से बोलेंगे।

شری ابوعاصم اعظمی" اترپردیش" مانئیے اپ سبھا پتی جی مہودے،میں نمن لکھت سنکلپ اپستھینا کرتا ہوں-

"اس تھے کودھیان میں رکھتے ہوئے کو سوچھ پینے جل مانو کے لئے جیون رکشکہ آوشیکتا ہے اوراس کے نہ ملنے پر منشئیے انیک جان لیوا بیماریوں کا شکار ہوجاتا ہے- اس کی کارئیے شمتا گھٹ جاتی ہے اورسرکشت پئیے جل کی کمی کا لابہ اٹھانے کے لئے مٹری واٹر"کے نام سے پئیے جل بیچنے والی بڑی کمپنیاں بازار میں اترآئی ہیں لیکن ان کے دوارا بیچے جانے والے پانی کی قیمت اتنی ادھک ہے کہ عام آدمی اسے خرید نہیں سکتا ہے-اسکے اترکت اگرجل کی آپورتی پائپوں دوارا واہنوں دوارا کی جاتی ہے تواس پرکریا میں جل کے سندوشت ہونے کا ہمیشہ خطرہ رہتا ہے-

ات: یہ سبھا سرکار سے آگرہ کرتی ہے کہ وہ دیش میں عام آدمی کوسرکشت پئیے جل بوتل بندیا پولی پیک روپ میں سلبہ کرانے کے لئے کارگر قدم اٹھائے اورکھا دئے مامگری کی طرح اسے بھی ساروجنک وترن پرنالی میں شامل کرے اور سرکشت کرنے کے لئے کیندریہ پئے جل صلاح کاربورڈ کی استھاپنا

مہودیہ اس سال کا بجٹ پیش کرتے وقت وزیرخزانہ نے کہا تھا کہ اچھی سڑکیں، سرکشت ریل مارگ، بندرگاہیں، ہوائی اڈے، لگاتار سستی شرح پربجلی کی فراہمی اورشدھ پئے جل کی فراہمی کی ویوستھا غیرہ اتنی ضروری چیزیں،اس کے علاوہ دوسرا کوئی طریقہ نہیں ہے جس سے دیش کی آرتھک ترقی ہوسکتی ہے- جہاں تک شدھ پئے جل کی فراہمی کا سوال ہے،ہمارے لئے شرم کی بات ہے کہ ہمارے جیسے دیش میں جودو تین طرف سے مہاساگروں سے گھرا ہوا ہے اور جہاں 12ماسی ندیاں بہتی رہتی ہیں، وہیں بڑی تعداد میں چھوٹی چھوٹی ندیاں اورتازہ پانی کے سروت ورجھرنیں ہیں، وہاں گاؤں میں سوکھا پڑنے اورگھنی آبادی والے علاقوں میں پینے کے پانی کی ماراماری ہورہی ہے-ہمارے دیش میں 65فیصد جنتا کوشدھ جل میسر نہیں ہورہا ہے- جوپانی ملتابھی ہے اس کہ 70فیصد انسان کے پینے کے قابل نہیں رہتا- دھرتی کی سطح پرملنے والا پانی، ادیوگ سے ملنے والے کچرے سے زیادہ سیوریج کی وجہہ سے پرویوشت ہوجاتا ہے لگ بھگ 75فیصد پریوشن سیویج کے کارن ہوتا ہے-دھرتی کے نیچے سے ملنے والا پانی بھی ہماری نادانی کی وجہ سے زیادہ سے زیادہ پرویوشت ہوتا جارہا ہے-ویسے توسبھی وکاس شیل دیشوں کی یہی کہانی ہے-آج بھارت جیسے وکاس شیل دیشوں میں سوکروڑ سے زیادہ لوگوں کوانسان کے پینے کے قابل پانی میسر نہیں ہوپارہا ہے-یہ وشوسواتھ سنگٹھن کی رپورٹ ہے-پردیوشت پانی سے نہانے اورپینے کی وجہ سے لوگوں کے بدن پربھی انفکشن اورملیریا جیسی بیماریاں ہوتی جارہی ہیں- آج دنیا کی آدھی آبادی پرویوشت پانی پینے کی بیماریوں سے گراہست ہیں- اکیلے ایسی بیماریوں میں سب سے بڑی تعداد معصوم تھے بچوں کی جان کی ہے- پانچ سال تک کی عمر کے بچوں کی زندگی صاف پانی پینے پرمنحر ہے-اکیلے ڈائریا سے ہرسان 40لاکھ لوگ اپنی جان گنوا دیتے ہیں- بڑی تعداد میں عورتیں اوربچے،گھروں سے باہر دس کلومیٹر تک استعمال کے لئے پینے کا پانی لینے جاتے ہیں،جس سے ان کے روز کے چھ چھ گھنٹے صرف پانی لانے کے لئے خراب ہوجاتے ہیں- قدرتی پانی انسان کی زندگی کے لئے رکشک کا کام کرتا ہے، لیکن پرویوشت ہونے کی وجہ سے زندگی

گھا تک بن جاتا ہے- وکاس شیل دیشوں کے لاکھوں کی تعداد میں لوگ پانی سے ہونے والی سککڑوں بیماریوں جیسے ہیضہ،پیچس،پولیو، ٹائفائیڈ، ہیپاٹیٹس وغیرہ جان لیوا بیماریوں کے شکار ہوجاتے ہیں-دوسری اوردکشت دیشوں میں ان بیماریوں پرجیت پالی گئی ہے- اس جیت کا راز یہ ہے کہ ان وکست دیشوں میں پانی کا فلٹریشن اور کلورینیشن دیاپک طورپراستعمال ہونے لگا ہے-دوسری وشویدھ کے دوران پرتی کریا کاوکاس کرکے اس کا استعمال بڑے پمیانے پرکیا ہے-وکست دیشوں میں انسان کے پینے یوگیے کا اسٹینڈرڈبھی قانونی روپ سے نردھارت کیا گیا ہے-

جہاں آپ کی توجہ ایک انتہائی سنسنی خیز رپورٹ کی جانب دلانا چاہتا ہوں جواس موضوع سے متعلق ابائی حساس اورآنکہ کھول دینے والی حقیقت کوسامنے لاتی ہے- کیرالہ میں کئی گاؤں اور دیہاتوں سے یہ شکایت ملی تھی کہ اس ریاست میں قائم کوکا کولہ کے پلانٹس کی وجہ سے پانی کی بڑی کمی محسوس کی جارہی ہے- کوکا کولہ کے پلانٹس میں بڑی مقدار میں پانی استعمال ہورہا ہے- اس وجہ سے بے شماردیہاتوں میں پانی کی قلت ہورہی ہے- ان گاؤں کوپانی سپلائی کرنے کے ذرائع سوکھ رہے ہیں اس شکایت پربی بی سی ریڈیو-4 کے John Whiteنے کیرالہ کا دورہ کیا-ان سے گاؤں والوں،سیاستدانوں،اورEnvironmentalistsنے شکایت کی اورالزام عائد کیا کہ کوکا کولہ کمپنی اس علاقے کی سب سے قیمتی قدرتی وسائل یعنی پانی کی چوری کررہی ہے- انہوں نے بتایا کہ اس وجہ سے زراعت اورAgricultureکا ذریعہ معاش تباہ ہوگیا ہے اورلاتعداد لوگ بروزگار ہوگئے ہیں- اس کے علاوہ ان دیہاتوں میں ہزاروں لوگوں کی صحت کوبھی خطرہ لاحق ہوگیا ہے-

مہودے، بی بی سی ریڈیو-4 کی اس رپورٹ کے مطابق کوکا کولہ کمپنی اپنے پلانٹ کا یہاں کے کسانوں میں فرٹیلائزرکے طور پرفراہم کرتی ہے اس کے نمونے بی بی سی کے پیش کارمسٹروائٹ نے لئے اوربرطانیہ کی University of Exeterمیں جانچ کے لئے بھیجے-حیرت

طور پرStudgمیں خطرناک سطح کے زہریلے دھاتی مادّے (Toxic Metal) بشمول Csmiumاور Leadپائے گئے- بی بی سی نے دعوی کیا ہے کہ یہ کچرا فرٹیلائزرکے قابل نہیں ہے-اورسائنسی تحقیقات سے ثابت ہواہے اوراس کچرے میں زہریلے کیمیکل Cadmiumاوردیگر دھاتوں کی وجہ سے ان دیہاتوں کے پانی سپلائرپربھی اثرپڑا ہے- یہ زہر گردے میں جمع ہوکر Kidneyکوڈیمیج کرسکتاہے- اس علاقے کے پانی میں Leadکی سطح بڑھ گئی ہے-جوبچوں کے لئے خطرناک اورمہلک ہے- اس کی کم سطح سے بھی گاؤں والے دماغی خلل، پاگل پن اورسنگین Areemiaکاشکارہوسکتے ہیں- اسٹڈی کرنے والے سائنسداں Prof. Henryکاکہنا ہے کہ کوکا کولہ پلانٹس کے کچرے میں جوزہریلے مادّے کی مقدار دستیاب ہوئی ہے اس سے انہیں ڈرہے کہ ان علاقوں میں رہنے والی حاملہ عورتوں پراس کے برے اثرات پڑیں گے- بی بی سی ریڈیو4 کی ایک سنسنی تحقیقات رپورٹ ہے جوحکومت کی آنکھیں کھولنے کے لئے کافی ہے-

میں آپ کی معرفت حکومت کی توجہ مہاراشٹر کے ان علاقوں کی جانب دلانا چاہتا ہوں جہاں کوکا کولہ کمپنی کے پلانٹ ہیں اوراخباروں میں ان علاقوں سے آنے والی خبریں چھپ رہی ہیں جن میں کوکا کولہ کمپنی پریہ الزام عائد کیا جارہا ہے کہ اس کمپنی کی وجہ سے آس پاس کی ندیوں،کنوؤں اوردیگر ذرائع آنے کاپانی سوکھ رہا ہے- وہاں پانی کی قلت ہورہی ہے اورعوام کے لئے پانی بند ہورہا ہے-

میں مطالبہ کرتا ہوں اگرکیرالہ پلانٹ کی طرح دیگر علاقوں میں بھی اسی طرح کی سائنٹفک انکوائری کی جائے تووہ خطرناک رزلٹ برآمد ہوگا جوکیرالہ کی بی بی سی ریڈیو 4 کی تحقیقات رپورٹ میں برآمد ہوا ہے-

میں یہ بھی مطالبہ کرتا ہوں کہ جہاں جہاں حکومت نے ملٹی نیشنل کمپنیوں کوسافٹ ڈرنک اور مزل واٹرپلانٹ قائم کرنے کی اجازت دی ہے ان تمام علاقوں میں پانی کی فراہمی اوردستیابی کا سروے ہونا چاہئے اوراگر یہ کمپنیاں اپنا کچرا کہیں آس پاس Dumpکررہی ہیں یا Fertilizerکے طور پریاکسی اورذریعہ کے طورپر استعمال کے لئے دے رہی ہیں تواسے روکنا چاہئے اوراس کے استعمال پرروک لگانی چاہئے-

ڈپٹی چئرمین صاحبہ،آج آزادی کے 56برس بعد جب ہم لوگوں گلوبلائزیشن کے زمانے میں کمپیوٹرکے زمانے میں آگئے ہیں- ہمیں سڑکیں کیا،بجلی کیا، پینے کا صاف پانی تک نہیں مل رہا ہے-آج ویدیسوں کی کمپنیاں آکر یہاں صاف بنارہی ہیں- منری واٹر یہاں بنایا جارہاہے لیکن کتنے لوگ پانی پی سکتے ہیں؟گاؤں میں رہنے والے لوگوں کوصاف پانی مہیا نہیں ہوپارہا ہے-دوسری اوربڑی بڑی کمپنیاں اس بزنیس میں 500-1000کروڑ روپے کمانے کی کوشش کررہی ہیں-

مہودیہ،میں اپنا ایک Resolutionچرچا کے لئے یہاں پیش کرتا ہوں- یہ بہت ہی اہم مانا جاتا ہے- میں کزارش کرونگا کہ اس پرDiscussionکرکے اس دیش میں رہنے والے سبھی لوگوں کوصاف پینے کا پانی مہیا کرایا جائے-شکریہ-

†**श्री अबू आसिम आजमी :** माननीया उपसभापति महोदया, मैं निम्नलिखित संकल्प उपस्थित करता हूं :

"इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि स्वच्छ पेयजाल मानव के लिए जीवन रक्षक आवश्यकता है और इसके न मिलने पर मनुष्य अनेक जानलेवा बीमारियों का शिकार हो जाता है और उसकी कार्यक्षमता घट जाती है और सुरक्षित पेयजल की कमी का लाभ उठाने के लिए "मिनरल वाटर" के नाम से पेयजल बेचने वाली बड़ी कंपरियां बाजार में उतर आई हैं, लेकिन इनके द्वारा बेचे जाने वाले पानी की कीमत इतनी अधिक है कि आम आदमी इसे खरीद नहीं सकता है । इसके अतिरिक्त, यदि जल की आपूर्ति पाइपों द्वारा या वाहनों द्वारा की जाती है तो इस प्रक्रिया में जल के संदूषित होने का हमेशा खतरा रहता है,

अतः यह सभा सरकार से आग्रह करती है कि वह देश में आम आदमी को सुरक्षित पेयजल बोतलबन्द या पोलीपैक रूप में सुलभ कराने के लिए कारगर कदम उठाए और खाद्य सामग्री की तरह इसे भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली में शामिल करे और सुरक्षित पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के लिए केन्द्रीय पेयजल सलाहकार बोर्ड की स्थापना करे ।"

महोदया, इस साल का बजट पेश करते समय वित्त मंत्री जी ने कहा था कि अच्छी सड़कें, सुरक्षित रेल मार्ग, बंदरगाहें, हवाई अड्डे, लगातार सस्ती दर पर बिजली का आपूर्ति और शुद्ध पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था इत्यादि इतनी जरूरी चीजें, इसके अलावा अन्य कोई तरीका नहीं है जिससे देश की आर्थिक तरक्की हो सकती है। जहां तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति का सवाल है, हमारे लिए शर्म की बात है कि हमारे जैसे देश में , जो दो-तीन तरफ से महासागरों से घिरा हुआ है ओर जहां पर बारह मासी नदियां बहती रहती हैं, वही बड़ी संख्या में छोटी-छोटी नदियां, और ताजे जल के स्रोत और झरने हैं, वहां गांवों में सूखा पड़ने और घनी आबादी वाले इलाको में पीने के पानी की मारा-मारी हो रही है। हमारे देश में 65 प्रतिशत जनता को शुद्ध पेयजल मयस्सर नहीं हो रहा है। जो पानी मिलता भी है उसका 70 प्रतिशत इंसान के पीने योग्य नहीं रहता ।

धरती की सतह पर मिलने वाला पानी, उद्योग से मिलने वाले कचरे से ज्यादा सीवरेज के कारण प्रदूषित हो जाता है। लगभग 75 प्रतिशत प्रदूषण सीवरेज के कारण होता है । धरती के नीचे से मिलने वाला पानी भी हमारी नादानी के कारण अधिक से अधिक प्रदूषित होता जा रहा है। वैसे तो सभी विकासशील देशों की यही कहानी है। आज भारत जैसे विकासशील देशों में 100 करोड़ से अधिक लोगों को इंसान के पीने योग्य पानी मयस्सर नहीं हो पा रहा है ।

†Transliteration of Urdu Speech.

यह विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट है। प्रदूषित पानी से नहाने और पीने के कारण लोगों के बदन पर भी इन्फैक्शन और मलेरिया जैसी बीमारियां होती जा रही है। आज दुनिया की आधी आबादी प्रदूषित पानी पीने की बीमारियों से ग्रस्त है। अकेले ऐसी बीमारियों में सब से बड़ी संख्या मासूम नन्हें बच्चों की जान की है। पांच साल तक की उम्र के बच्चों की जिन्दगी साफ पानी पीने पर निर्भर है। अकेले डायरिया से हर साल 40 लाख लोग अपनी जान गवां देते है। बड़ी संख्या में औरतें और बच्चे, घरों से बाहर दस-दस किलोमीटर तक इस्तेमाल के लिए पीने का पानी लेने जाते हैं, जिससे उनके रोज के 6-6 घंटे सिर्फ पानी लाने के लिए खराब हो जाते हैं। प्राकृतिक रूप से मिलने वाला जीवन घातक बन जाता है। विकासशील देशों के लाखों की संख्या में लोग पानी जनित सैंकड़ों बीमारियों, जैसे हैजा, पेचिश, पोलियो, टायफाइड, हैपेटाइटिस आदि प्राणघातक बीमारियों के शिकार हो जाते है। दूसरी ओर विकसित देशों में इन बीमारियों पर जीत पा ली गई है। इस जीत का राज यह है कि इन विकसित देशों में पानी का फिल्टरेशन और क्लेरिनेशान का व्यापक तौर पर इस्तेमाल होने लगा है। दूसरे विश्व युद्ध के दौरान प्रतिक्रिया का विकास करके उसका प्रयोग वहां बडे पैमाने पर किया गया है। विकसित देशों में इंसान के पीने योग्य पानी का स्टैंडर्ड भी कानूनी रूप से निर्धारित किया गया है।

मैं आपकी तवज्जह एक इंतहाई सनसनीखेज रिपोर्ट की ओर दिलाना चाहता हूं जो इस मौजू से मुताल्लिक इंतहाई हस्सास और आंख खोल देने वाली हकीकत सामने आती है। केरल में कई गांवों और देहातों से यह शिकायत मिली थी कि इस रियासत में कायम कोका कोला के प्लांट की वजह से पानी की बड़ी कमी महसूस की जा रही है। कोका कोला में प्लांट में बड़ी मिकदार में पानी इस्तेमाल हो रहा है, इस वजह से बेशुमार देहातों में पानी की किल्लत हो रही है। इन गावों को पानी सप्लाई के जराए सूख रहे हैं। इस शिकायत पर बी.बी.सी. रेडियो 4 के जान व्हाईट ने केरल का दौरा किया। उनसे गांव वालों, सियासतदानों, सांइसदानो, और ऐनवॉयरमेंटलिस्ट ने शिकायत की और इलजाम आयद किया कि कोका कंपनी इस इलाके की सबसे कीमती कुदरती वसायल यानी पानी की चोरी कर रही है। उन्होंने बताया कि इस वजह से जराअत और एग्रीकल्चर का जरिया-ए-नाश तबाह हो गया है और लातादाद लोग बेरोजगार हो गए हैं, इसके अलावा इन देहातों में हजारों लोगों की सेहत को भी खतरा लाहक हो गया है।

महोदया, बी.बी. सी. रेडियो 4 की रिपोर्ट के मुताबिक कोका कोला कंपनी अपने प्लांट का कचरा यहां के किसानों में फर्टिलाईजर के तौर पर फराहस करती है। इसके नमूने बी.बी.सी. के पेशकर मिस्टर जॉन व्हाईट ने लिए और बर्तानिया की युनिवर्सिटी आफॅ एक्सटर मे जांच के लिए भेजे। हैरतअंगेज तौर पर स्लज में खतरनाक सतह के

जहरीले धातुई माद्दे (टॉक्सिक मैटल) , बिशमोल कैडमियम और लेड पाए गए । बी.बी.सी. ने दावा किया है कि यह कचरा फर्टिलाईजर के काबिल नहीं है और यह सांइसी तहकीकात से साबित हुआ है। इस कचरे मे जहरीले कैमिकल कैडमियम और दीगर धातुओं की वजह से इन देहातो में पानी की सप्लाई पर भी असर पड़ा है। यह जहर गुर्दे में जमा होकर किडनी को डैमेज कर सकता है। इस इलाके के पानी में लैंड की सतह बढ़ गई है जो बच्चों के लिए खतरनाक और मोहलिक है। इसकी कम सतह से भी गांव वाले दिमागी खलल और पागलपन और संगीन एनीमिया का शिकार हो सकते हैं। स्टडी करने वाले सांइसदा **प्रो हेनरी कि कोका कोला प्लाटस के कचरे में ज़हरीले भादे की यिकदार दस्तियार हुई है<** हुई है, उससे उन्हें डर है कि इन इलाकों में रहने वाली हामला औरतो पर बुरे असरात पडेंगे। बी.बी.सी. रेडियों 4 की यह सांइसी तहकीकाती रिपोर्ट है जो हुकूमत की आंखे खोलने के लिए काफी है।

मैं आपकी मारफत हुकूमत की तवज्जह महाराष्ट्र के उन इलाकों की जानिब दिलाना चाहता हूं जहां कोका कोला कंपनी के प्लांट हैं और अखबारात में इन इलाकों से आने वाली खबरें छप रही है जिनमें कोका कोला कंपनी पर यह इलजाम आयत किया जा रहा है कि इस कंपनी की वजह से आसपास की नदियों, कुओं और दीगर जराए-आब का पानी सूख **रहा** है । वहां पानी की किल्लत हो रही है और अवाम के लिए पानी बंद हो रहा है। मैं मुतालबा करता हूं कि अगर केरल प्लाट की तरह दीगर इलाकों में भी इसी तरह की सांइसटिफिक इंक्वायरी की जाए कि तो वही खतरनाक रिजल्ट बरामद होगा जो केरल में बी.बी.सी. रेडियो 4 की तहकीकाती रिपोर्ट में बरामद हुआ है।

मैं यह भी मुतालबा करता हूं कि जहां-जहां हुकूमत ने मल्टी नेशनल कंपरियों को सॉफ्ट ड्रिंक और मिनरल वॉटर प्लांट कायम करने की इजाजत दी है, इन तमाम इलाकों में पानी की फराहमी और दस्तियाबी का सर्वे होना चाहिए और अगर ये कंपनियों अपना कचरा कहीं आसपास डंप कर रही है, फर्टिलाइजर के तौर पर या किसी और जरिए के तौर पर इस्तेमाल के लिए दे रही है तो उसको रोकना चाहिए और उसके इस्तेमाल पर रोक लगनी चाहिए ।

डिप्टी चेयरमैंन साहिबा, आज आजादी के 56 बरस बाद जब हम लोग ग्लोबाईजेशन के जमाने में, कंप्यूटर के जमाने में आ गए हैं, हमें सडके क्या, बिजली क्या , पीने का साफ पानी तक नहीं मिल पा रहा है। आज विदेशों की कंपनियों आकर यहां साफ पानी बना रही है । मिनरल वॉटर यहां बनाया जा रहा है लेकिन कितने लोग वह पानी पी सकते हैं? गांवों में रहने वाले लोगों को साफ पानी मुहैया नहीं हो पा रहा है। दूसरी ओर

बड़ी-बड़ी कंपनियां इस बिजनैस में 500-1000 करोड़ रूपए कमाने की कोशिश कर रही हैं।

महोदया, मैं अपना यह रेजोल्यूशन चर्चा के लिए यहां प्रस्तुत करता हूं। यह बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है। मैं गुजारिश करूंगा कि इस पर डिस्कशन करके इस देश में रहने वाले सभी लोगों का साफ पीने का पानी मुहैया कराया जाएगा। शुक्रिया।

The question was proposed.

उपसभापति : शुक्रिया। आपने सेंट्रल ड्रिंकिंग वाटर एडवाइजरी बोर्ड की बात की है। प्रधान मंत्री राजीव गांधी जी के जमाने में एक मिशन बनाया गया था पोर्टेबल ड्रिंकिंग वाटर मिशन –It was a potable drinking water mission. It was a scientific mission. There were five missions, *i.e.* drinking water, oil seeds, immunisation, etc. All these Missions were for the same reason that they should go beyond the State Government and the Central Government for tackling this problem. कौन सी चीज सरकार की है, कौन सी स्टेट गवर्नमेंट की है, तो यह उसके ऊपर उठकर काम करने के लिए था ताकि पोटेबल ड्रिंकिंग वाटर मिल सके। पता नहीं उस स्कीम का क्या हुआ। पर आपका सजेशन बिल्कुल सही है।

श्री सुरेश पचौरी (मध्य प्रदेश) : आदरणीय उपसभापति महोदया, हमारे साथी अबू आसिम आजमी साहब जो विधेयक लाए हैं यह अपने आप में सामयिक भी है, और महत्वपूर्ण भी है। सुप्रीम कोर्ट ने एक निर्णय में पेयजल को नागरिकों के मौलिक अधिकार के रूप मे मान्यता देने की बात की। जब हम फंडामेटल राइट्स की बात करते हैं और महत्वूर्ण भी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एक निर्णय में पेयजल को नागरिकों के मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता देने की बात की। जब हम फंडामेंटल राइट्स की बात करते हैं और उसके साथ में नागरिकों के मौलिक अधिकारों में कौन-कौन सी चीजें आती हैं इसको जब याद करते हैं तो सुप्रीम कोर्ट के इस डिसीजन को मद्दे नजर रखते हुए मैं सोचता हूं कि जो रिजोल्यूशन अबू आसिम साहब जी ने रखा है वह बहुत ही सामयिक है जिसके तहत हिन्दुस्तान के आम इंसानों को साफ पीने के पानी मुहैया कराया जाए और इसमें यदि किसी भी वजह से कोई कमी रहती है तो उसके लिए कोई इफेक्टिव स्टेप्स उठाए जाए। इस बात का भी उल्लेख उन्होंने अपने रिजोल्यूशन में किया है। महोदया, अभी 23 जुलाई, 2003 को एक प्रश्न के उत्तर में माननीय मंत्री जी ने यह स्वीकार किया है कि 14 लाख 22 हजार 664 ग्रामीण बस्तियों में से एक लाख दस हजार पांच सौ बियालिस बस्तियों को 40 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन के मानक दर से समुचित पेयजल को आपूर्ति नहीं हो पा रही है। 40 लीटर प्रति दिन प्रति व्यक्ति से कम की पेयजल सुविधाओं वाली बस्तियों की संख्या के संदर्भ में यह अनुमान लगाया गया है कि आज

की तारीख में यानी जिस तारीख को उन्होंने उत्तर दिया था उन्होंने स्वीकारा है कि 4.31 प्रतिशत ग्रामीण आबादी को 40 लीटर प्रति दिन प्रति व्यक्ति से कम की पेयजल आपूर्ति हो रही है । और इसके विपरीत 1998-99 में समय-समय पर एन.डी.ए. की सरकार के जो ग्रामीण विकास मंत्री हैं उनके वक्तव्यों पर जब हम नजर दौड़ाते हैं और जो समय-समय पर उन्होने घोषणा पत्रों में वायदे किए थे तो उसमें उन्होने यह कहा था कि हम अगले 5 वर्षों में सभी गांवों मे पीने का पानी उपलब्ध करा देंगे। जो भी सरकार जनादेश के बाद सत्ता में आती है चाहे वह किसी भी राजनीतिक पार्टी की सरकार क्यों न हो उसका यह दायित्व बनता है कि जनादेश प्राप्ति के बाद वे उन सब बातों की पूर्ति की दिशा में कदम उठाएं जो उन्होंने चुनाव के समय घोषणा पत्र के जरिए इस देश की जनता से किए थे । मैं कोई टीका-टिप्पणी करने की दृष्टि से यह बात याद नहीं दिला रहा हूं, मैं मात्र यह आग्रह कर रहा हूं कि जब सुप्रीम कोर्ट ने पीने के पानी को उपलब्ध कराने के लिए नागरिकों के मौलिक अधिकार की श्रेणी में अपने निर्णय के आधार पर डाला है तो सरकार की जवाबदेही और जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ जाती है। अब बात यह आती है कि समय-समय पर क्या निर्णय लिये गये । दिनांक 19-20 अक्टूबर, 2001 को सभी राज्यों के मंत्रियों की बैठक तत्कालीन ग्रामीण विकास मंत्री जो आजकल भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष से भी यह बात थी कि 2004 तक हिन्दुस्तान का एक गांव भी ऐसा नहीं बचेगा, कोई भी गांववासी ऐसा नहीं बचेगा जिसको पीने के पानी की तकलीफों का सामना करना पड़े । मैं नहीं समझता कि यह जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उस लक्ष्य की पूर्ति कि दिशा में यह सरकार कारगर ढंग से कदम उठा रही है। मैं केवल उनको स्मरण दिलाना चाहता हूं। बात यह है कि समय-समय पर जिन लक्ष्यों और उद्देश्यों को दृष्टिगत रखकर इस प्रकार के सम्मेलन किये गये और उससे किसी नतीजे पर पहुंचा गया, तो उन नतीजों का क्रियान्वयन करना, मैं सोचता हूं कि हम सब लोगों का धार्मिक कर्तव्य बन जाता हैं। इसलिए यह जो रिजोल्युशन आज डिसकसन में आया है । यह काफी महत्वपूर्ण है ।

प्रश्न पीने का पानी मुहैया कराने का नहीं है, बल्कि यह है कि वह पानी ऐसा होना चाहिए जो पीने के लायक हो। एक होता है पीने का पानी और एक होता है पीने लायक पानी। के पानी की गुणवत्ता और शुद्धता पर बहुत ज्यादा गौर करना जरूरी है। हमारे देश में आज भी स्थिति यह है कि जो गरीब लोग हैं, वे मिनिरल वाटर नहीं पी सकते है। तीस से पैतीस लोग हमारे देश में ऐसे हैं जो कई कारणों से मिनिरल वाटर का उपयोग नहीं कर पाते हैं।

गुणवत्ता परीक्षण के लिए जो प्रयोगशालाएं तय की गई थी, वे प्रयोगशालाएं भी पूरी नहीं लग पायी हैं। सरकार ने एक प्रश्न के उत्तर में यह बताया था कि 352 प्रयोगशालाएं पीने के पानी की गुणवत्ता देखने के लिए लगाई जायेगी, लेकिन यह सब नहीं हो पाया है। मैं तो केवल इतना कहना चाहता हूं कि 19-20 अक्टूबर, 2001 को जो राज्य मंत्रियों का सम्मेलन किया गया था, उसकी सिफारिशों पर आप कृपया ध्यान दें।

उसमें यह बात आई थी कि जलस्तर क्यों नीचे जा रहा है। उसके कारणों पर जब हम नजर दौड़ाते हैं तो हम इस नतीजे पर पहुंचते है कि जल का सही संवर्द्धन नहीं हो पा रहा है। बारिश को जो पानी है वह भी बेकार चला जाता है। चूंकि हम ग्रामीण पृष्ठभूमि के हैं इसलिए हम इस बात का जानते हैं कि जब वर्षा ऋतु आती है और बारिश का पानी बहता है तो वह बगैर उपयोग किये बहकर चला जाता है। खेतों की भी यही स्थिति होती है। जब बारिश का पानी खेतों में से बह जाता है तो उसके साथ जो उपजाऊ मिट्टी होती है वह भी बह जाती है। इन सब चीजों के लिए सरकार को योजना बनाने की आवश्यकता है। ऐसा मैं मानता हूं। फिर बात आती है रिचार्जिग आफ वाटर की। जो पानी है, वह जब यूज होकर खत्म हो जाता है, उसका प्रोपज यूज हो जाता है, क्या उसको फिर से रिर्चाज करके कपड़े धोने के पानी के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं? क्या इंडस्ट्री में उपयोग करने के लिए कर सकते हैं या दूसरे परपज से कर सकते है? मै सोचता हूं कि इस पर खासतौर से नॉन-डोमेस्टिक यूज को दृष्टिगत रखते हुए उस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

जलस्तर गिरने के जो कारण है, उनके बारे मे मैं सोचता हूं कि 1987 में जो राष्ट्रीय जल नीति बनी थी, उसमें बहुत कुछ उल्लेख किया गया था जिसमें कि सरफेस वाटर और ग्रांउड वाटर को कैसे अधिक से अधिक सीमा तक उपयोगी बनाया जाना चाहिए इस बात पर विचार हुआ था। जल की कमी वाले क्षेत्रों को अन्य क्षेत्रों से जो चल रहा है, उसे कैसे हस्तांतरित किया जाये और फिर उस जल को वहां हस्तांतरित करने के बाद कैसे उपयोग के लायक बनाया जाये, इस पर विचार किया गया था। जो 1987 की राष्ट्रीय जल नीति है उसको ध्यान में रखते हुए आज जो नवीनतम परिस्थितियां हैं, उनको कैसे अमलीजामा पहनाया जा सकता है, माननीय मंत्री जी इस पर विचार करें तो बड़ी कृपा होगी।

3.00 P.M.

अब महत्वपूर्ण बात आती है वाटर मैंनेजमेंट की , जल प्रबंधन की। एक होती है रेन वाटर हार्वेस्टिंग की योजना और दूसरी होती है ग्राउड वाटर का एक्सप्लायटेशन हम

लोग कैसे रोक पायें। उपसभापति महोदया, मैं जिस प्रदेश से आता हूं, सौभाग्य से आपका भी ताल्लुक उसी प्रदेश से है। कल ही टेलीविजन पर दिखाया जा रहा था। देवास एक ऐसा जिला है जहां रेन वाटर हारवैस्टिंग का लोग सही ढंग से उपयोग कर रहे हैं। वहां के जल के संग्रह करने के लिए –अपने घर में तो वह हो ही रहा है, आस-पास के जिले के जो खेत हैं, वहां भी लोग समुचित ढंग से एक एनजीओ की मदद से, उसकी सलाह से काम कर रहे हैं। मैं समझता हूं कि योजनाओं को यदि पूरे देश में प्रोत्साहन दें तो हमारे यहां जो पानी की कमी है, उसको दृष्टिगत रखते हुए लोगों को आगे आने वाली दिक्कतों से काफी मुक्ति मिल पाएगी । जो वाटर ग्रिड योजना है, उसके तहत यद्यपि प्रधान मंत्री जी ने अभी हमारे पूर्व ऊर्जा मंत्री श्री प्रभू की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई है और मैं सोचता हूं कि दिशा मे काफी अच्छी पहल हुई हैं। यदि किसी नतीजे पर पहुंच सकें तो हमारे यहां जो हमेंशा बात है कि जब बारिश होती है तो हम फ्लड सिचुएशन पर चर्चा करते है, जब गर्मी आती है तो हम सूखे की स्थिति पर चर्चा करते हैं, जो वाटर लैवल लगातार नीचे जाता जा रहा है और पीने के पानी की समस्या, सिंचित पानी की समस्या, साथ ही कृषि में उपयोग आने वाले पानी की जो समस्या हैं, मैं सोचता हूं कि उस समस्या से हमें मुक्ति मिल जाएगी। आज आवश्यकता इस बात की है – पहला तो यह कि हम अल्पकालिक योजना पर काम करें और दूसरा, हम दीर्घकालिक योजना पर विचार करें । अल्पकालिक योजना की जब बात आती है तो यहां पानी सूख गया है, वहां पानी कैसे उपलब्ध कराया जाए – ट्रांसपोर्टेशन के जरिए या अन्य चीजों के जरिए –एक तो यह देखा जाए । दूसरा यह है कि कैसे वहां एनजीओज या सोशल ऑरगनाइजेशंस की मदद से लोगों को जो पीने के पानी की किल्लत हो रही है, उस दिक्कत से मुक्ति दिलायी जाए और जन भागीदारी या वाटर शैड प्रोग्राम्स हैं, उन प्रोग्राम्स के जरिए लोगों की दिक्कतें कैस दूर की जाए, इस पर हमें तकनीकी दृष्टि से भी सोचना पड़ेगा और सामाजिक सेवा की दृष्टि से भी सोचना पड़ेगा । जहां तक दीर्घकालिक योजना का सवाल है, इसके लिए निश्चित रूप से जवाबदेही और जिम्मेदारी सरकार की बनती है । एक तो जल संरक्षण का सफल प्रयोग हो, यह हम देखें और दूसरा, पानी बचाने और बढ़ाने का काम हो, इस दिशा मे हम लोग विचार करें। जो वाटर इंटेसिव इंडस्ट्रीज है, वे ऐसी जगह पर लगायी जाएं, जहां पानी बहुतायत में है – नदी के किनारे, तालाब के किनारे, समुद्र के किनारे । ऐसी जगह पर पीने के पानी की वैसे ही कमी है, वहां हम इंटेसिव इंडस्ट्रीज लगाने की अनुमति यदि प्रदान करते हैं तो एक तरफ लोगो को पीने का पानी इंडस्ट्रीज लगाने की अनुमति यदि प्रदान करते हैं तो एक तरफ लोगों को पीने का पानी मुहैया नहीं हो पाएगा और दूसरी तरफ इन दिक्कतों का सामना करना पडेगा । इसके लिए मैं सोचता हूं कि कानूनी दृष्टि से हमें विचार करना पड़ेगा । जो पानी के नेशनल सिसोर्सिज है, उनके ऐक्सप्लॉयटेशन को रोकने के लिए और पानी

कंजरवेशन को बढ़ाने के लिए हम और कौन सी नयी तकनीक का उपयोग कर सकते हैं, मैं समझता हूं कि इस संबंध में भी विचार करने की बहुत ज्यादा जरूरत हैं। इन्हीं शब्दों के साथ महोदया, मैं यह कहना चाहता हूं कि आज आवश्यकता इस बात की है कि जहां हमारे देश की संस्कृति और परंपरा महान है, उसी दृष्टि से हमारे देश के पुराने रीति रिवाजों को भी याद करना पडेगा । पहले जो हम लोग पोखरों पर, तालाबों पर बहुत ज्यादा ध्यान देते थे, आज उन पर से हमने ध्यान उठा लिया है । हर गांव में पहले एक तालाब होना जरूरी रहता था, कूंआ-बावड़ी होना जरूरी रहता था और उनके रख रखाव पर हम लोग ध्यान देते थे। जब उनका रख-रखाव होता था तो वहां पीने का पानी की दिक्कतें नहीं होती थी । उनकी उपेक्षा करना बंद हो । सिंचाई के लिए जो भूगर्भीय जल का अमर्यादित उपयोग हो रहा है, उस पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। जल के ऐसे स्रोत जहां स्वच्छ पानी निकलता है, उन स्रोतों की रक्षा करने का दायित्व हम सब लोगों का हो गया है। यद्यपि कॉन्सटीटयूशनल प्रोवीजन है – एक तरफ तो सुप्रीम कोर्ट का निर्णय है, दूसरा कॉन्सटीटयूशन में प्रोवीजन है – जो लिस्ट टू की ऐंटरी 17 है, जो स्टेट लिस्ट है तथा जो ऐंटरी 56 है, लिस्ट वन की, जो यूनियन लिस्ट है, उसके मुताबिक भी संवैधानिक जवाबदेही और जिम्मेदारी सरकार की बन जाती है । इन सब बातों को दृष्टिगत रखते हुए मुझे यकीन है कि हमारे यहां जो पीने का पानी का संकट हैं, उस संकट से मुक्ति दिलाने के लिए सरकार कदम उठाएगी। यद्यपि सरकार की ओर से यह कहा जा सकता है कि राज्य को बहुत कुछ उत्तरादायित्व दे दिया गया है लेकिन मेरे पास वे सब आंकडे हैं कि राज्य सरकारों ने समय-समय पर इस पीने के पानी की समस्या से मुक्ति पाने के लिए कितना पैसा मांगा । जितना पैसा मांगा उतना नहीं मिल पाया इसलिए जब भी आवंटन की बात हो तो उन राज्यों को प्रायोरिटी में पीने का पानी उपलब्ध कराने की शासकीय वित्तीय सहायता प्रदान की जाए, ऐसी मेरी आपके जरिए गुजारिश है। बहुत-बहुत शुक्रिया ।

उपसभापति : राजस्थान या गुजरात में किसी ने रिसर्च किया है, टी.वी. पर आया था कि जो ब्रेकिश वाटर है उसका बैलों के जरिए दमन करके, घुमा-घुमाकर, गंदे या खारे पानी को साफ कर रहे हैं। आप इसके बारे में भी हाउस में बता दीजिए ताकि जहां ब्रैकिश वाटर है उसे स्वच्छ बनाने के लिए कुछ हो सके ।

SHRI BALBIR K. PUNJ (Uttar Pradesh): They have developed a machine at several places in the State of the hon. Minister in Gujarat and they claim to convert brackish water into potable water at the rate of three paise per litre. In fact, it sounds too good

to be true because if it is so, then it would virtually solve the water problem of the whole country because brackish water is available in abundance, particularly in the coastal areas. It is three paise a litre! We are getting water at ten rupees a litre here in Delhi. It is almost as good as free. So, it would be good, if the' hon. Minister is able to throw some light on this.

THE DEPUTY CHAIRMAN: It is in the process of development. It is at demonstration stage. They have discovered a new technology, which they are using.

SHRI BALBIR K. PUNJ: In fact, the claim is, with the large-scale production of these machines, the cost of production of potable water would become even less. तीन पैसे से और कितना कम हो सकता है?

SHRI KAPIL SIBAL (Bihar); There is an experiment in Gujarat to convert salt water into drinking water. That experiment has been successful in Gujarat. About its cost, I am not too sure.

AN HON. MEMBER: The cost is high.

SHRI KAPIL SIBAL: The cost of it must be very high. If you could bring down the cost, it would be good. In any case, all experiments of conversion have always been successful in Gujarat.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Some conversions are successful here. The thing is, desalination of water through electricity is difficult; it is expensive, not difficult. It needs a lot of money. But, if this indigenous technology has come forward, it is good. Our scientists can do anything. They are really very genius. So, we can trust them.

SHRI JIBON ROY (West Bengal): Madam, I thank you for giving me the opportunity to speak on this subject. I want to raise a pertinent question here. The point is, water crisis is there. It is an international phenomenon. It is being discussed all over the world that the 21st century would be determined not by petrol, but by water. The way water resources are depleting and conservation of water is not taking place, it would create problems in the future. So far as our country is concerned, as per my understanding, we have got in our mountains, oceans and rivers about four per cent

of the total water of the entire globe. Despite our having four per cent of the total water of the globe, the crisis is coming step by step. As per the figures...

SHRI B.P. SINGH (Uttar Pradesh): We are 20 per cent of the population of the world.

SHRI JIBON ROY: Maybe. But the thing is, we can manage water. The question is, the kind of water management required is not being persuaded by us and the crisis is advancing. As per the figures, per-annum per-head availability of water in 1950 was around 5000 cubic litre. Now, it has come down to 1.8 thousand cubic litre. It is estimated that by 2025, it would further go down to 1.35 or 1.32 thousand cubic litre. How are you going to address this problem? Apart from that, we have the problem of distribution also. ...not scarcity alone. Scarcity is not matched with a proper distribution policy, the impact of scarcity will increase. If the Government takes a position that millions of poor people need not have access to water, and it has to preserve water only for the rich people; then, the policy will be different. If the Government sticks to the policy that whatever water available, it would be distributed among the entire people, then the policy will be different.

But now the World Bank is pressurising you for everything; we know that there is international pressure. Then, how are you going to address this question? As I remember, once, Adam Smith wondered how water is equivalent to life, so far as the utility is concerned, even though the price of diamond is very high and that of water is very little. Then, the theory of demand and supply would come. In such a situation, I would like to know whether the classical capitalist economy would be imposed on the question of water and oxygen too. This is one of the basic questions I am putting before the Government. Water is going to determine the economics of the 21st Century. That is why, obviously, the multi-national companies in the world, America and other countries, are not keeping quiet. So far as my information goes, the multinationals are investing around 40,000 million US dollars so far as water is concerned. And, the American companies are in the forefront in earning profits, around 100 million dollars a year on water investment and water management itself. That is why, there is the possibility of

shift of water from my country to other places. By various means it is taking place. Therefore, there is an urgent requirement for an effective water management and distribution system.

A few years back, a top representative of Coca-Cola visited India. He was asked who was his biggest competitor. Everybody expected that he would say 'Pepsi'. But he replied that 'pipe water' was the biggest competitor of Coca-Cola.

Once, I visited Philippines ten years ago, before the market economy was imposed on our country, and I was taken to a food shop. I was searching for water but no water was available in that food shop. The shopkeeper said, "Buy Coca-Cola and have it." I would like to know whether our country too is heading towards this direction. A big question is bothering all of us after the World Bank has said that water is a commodity and one can sell it. Then every drop of water is liable to be sold. This House passed a law in the name of Competition Bill wherein we have said that every commodity, whether service or manufacturing, has to be sold in profit. I want to know whether really there is a scarcity, whether it is advancing, and whether whatever water is available would be distributed equally among the entire population. In all these, what is the role of the Government?

Now, it is coming in the media that the Government need not invest on water, that public investment need not be there at all on water. If you take the entire international scenario, in 1991, around 0.7% of the total Budget was spent on water management, by various Governments. Now, that figure has come down to 0.2%. You take just this one phenomenon. I would like to know whether you, this Government, too is going to embrace that stand.

Now there is a disturbing news pouring in. One river in Tamil Nadu is given to Coca-Cola. Everyday, it is taking away around a hundred million litres of water. In return, the State is getting only Rs. 5 lakh a year! We are becoming beggars to the multinational companies. If you start allowing them like this, then everything will go. In Khammam probably, they are probably drawing about 2.25 million litres of water every day. In Palaghat already a story has appeared that germs of carcinoma were found in the sledge of

Coca Cola which was being used distributed to the peasants. Madam, we are very much affected.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Jibon Roy, just a minute. I have a very urgent telephone call which I have to attend to. I am giving the Chair to a very responsible person and I am sure he is not going to use any guns or any batons against you. Please listen to him.

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR ROY CHOWDHURY) in the Chair]

Sir, arsenic and other toxic metals are affecting our seven crore population in our country on an average. Therefore, my humble submission is that whatever water we have, the States should have a proper policy to manage it. We have abundant water in the East. But, you cannot store it. But we do not have water in the South. How equitable distribution is possible, for that public investment is necessary. This is number one. Secondly, bottled water is not an alternative to the piped water. The multinational companies are thronged to the streets to defame and denigrate piped water. It is being done as a machination to withdraw the responsibility of the States and the Municipalities for supplying potable water to millions of people. I have reasons to believe that the Government on the diktat of the World Bank is going to withdraw from water, electricity and other basic necessities. Therefore, this has to be done. So far as water is concerned, the classic law of capitalism should not be allowed to work. So far as water and oxygen are concerned, I would say that if water is being given now, then the next time they would ask for oxygen. With these words, I thank the mover of the Resolution for giving us an ample opportunity to speak on this subject and ventilate our position in this matter. Thank you.

*SHRI R. KAMARAJ (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to support this private Member Resolution moved by hon. Member Shri Abu Asim Azmi, highlighting the drinking water scarcity in the country. He has also suggested distribution of safe drinking water through public distribution system. The population of our country has already crossed 100 crore. I feel it is extremely difficult to go about

*English Translation of the original speech delivered in Tamil.

this way given the size of the country and the population. Yet if this could be done, we would be happy, rather everyone would be happy.

Sir, a study reveals that, by the year 2025, more than half of the world population will face drinking water scarcity. We should be concerned because, India too finds mention in that list. As it is, today over 65 thousand villages in India do not have access to safe drinking water. About 40 per cent of the urban people, all of them living below poverty line, do not get potable drinking water. Even the river water is polluted. The water of Ganga, the holy river, is highly polluted. A recent study by the Department of Environmental Biology of Patna University has revealed that the water of Ganga contains chemical effluents. Even the fish from such polluted river harm the people who consume it. This is because of high level of pollution. The permissible level of DDT, a pesticide, in water is only 0.001 per 1 billion. But Ganga water has 0.38 level of pesticide in it. In some places the level of pesticide is reported to be as high as 182.3. This contamination results in several diseases. In developing countries, about 6,000 people die every day due to contaminated drinking water. Children below 5 years of age are the worst affected.

Mr. Vice-Chairman, Sir, according to the census of India survey, 62 per cent of Indian families, that is about 118 million families, have to trek a long distance to fetch drinking water. Over 5 million families in the country still depend on rivers and ponds for their drinking water needs.

Sir, I wish to make a pertinent point. Article 21 of the Constitution speaks about right to live. Access to drinking water is part of right to live and a fundamental right. But unfortunately, 35 per cent of urban people have to walk to a certain distance, at a fixed time to get some drinking water. While the demand for water is increasing, the supply of water has been coming down. Sir, only two days ago, we discussed about Cauvery and Krishna river water disputes in this House. Even warring nations share the available water magnanimously. But we have neighbouring states, sister states that do not respect the verdict of the Supreme Court and the Tribunal. This kind of attitude will not help solve the problem.

There is yet another problem in cities. The water in big cities gets contaminated due to mixing of drainage water. I appeal to the Centre to keep this in mind and give sufficient funds to the states, enabling them to construct underground drainage. Such a step will be in tune with the national drinking water policy. In so far as Tamilnadu is concerned, the hon. Chief Minister of Tamilnadu, Dr. Puratchi Talaivi Amma has taken laudable step in rain water harvesting in the state. Our Amma has also launched various schemes for providing safe drinking water to all people in the state. But the Centre has allocated only 6.13 crore rupees under Swajaldara scheme to Tamilnadu for the year 2003-2004. This is not sufficient. More fund should be provided to Tamilnadu. For such schemes that are meant to protect fundamental rights, the Centre should give more funds to the states. With these words, I conclude.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, this discussion on the Private Members Resolution brought before us, is, more or less, like a discussion on a life-saving drug, today. It is that much important. In our culture, throughout India, cutting across the State boundaries and languages, from Himalaya to Kanyakumari, if a guest comes to somebody's House, the host first offers him a glass of water. There is a saying in our language, if you don't offer water to a thirsty person, it is a curse on you. Therefore, water is not only important for life, but it is considered sacrosanct also. The water problem, particularly drinking water problem, today, is not only confined to India, but it is a global issue. Three months back, an international conference, the Third World Water Forum, was held under the aegis of a development programme of the United Nations. If I remember it correctly, it was held in Tokyo, Japan. More than 5000 people had participated in that Conference. It was named as 'Virtual Water Forum'. The main agenda of the Conference was to discuss the operational integrated water resources management and basic management, the legislative actions in the water reforms, efficient ground water development, protection and integrated policies, the flexible trans-boundary management to improve the water problem and living conditions of poor and slum dwellers, to realise the flood protection measures, include the human and ethical values in water management, use of both space and earth technology to ensure the water security, and water education. These were the

pertinent issues that were dealt with in that Conference. They had given so much importance to this issue. They had dealt with legal areas, financial areas and scientific areas. They had dealt with settlement in the flood-prone areas. There were deliberations on river and echo systems. They had discussed the three important areas — flood protection, water use and the environmental considerations. If we were to go into the details of water problem, it would be like a long lecture. Everybody knows the areas of problem. In developing areas, metropolitan cities are being created, as the areas grow from village to township, township to municipalities, and from municipalities to metropolitan cities. In metropolitan cities, multi-storey apartments are coming up. We can see the extraction of ground water is a common practice throughout India. Due to poverty, settlement is taking place in flood-prone areas also. There are two important issues. In the Metro-water series, the piped Metro-water supply has failed to reach the tail-ends in the network. These are the problems actually confronted by the people. For example, in Delhi, their requirement of water is 830 million gallons per day. *(Time-bell)* Sir, I will take only five minutes but, we are able to provide only 25 per cent of that requirement. This is the situation. How does the problem arise? The waste-water gets merged with river water. There is a limit for impurities. If 100 mg. of Nitrate is mixed with one litre water, it would not affect human beings. If it is more than 100 mg. then, the sub-soil aqua reserves get affected. If more than 100 mg. of nitrate is mixed with one litre water, it may cause dental problem, bone deformation or skeletal fluorosis. In the same way, only 1.5 mg fluoride per litre of water is permitted. If it is more than that, it may cause chest problem, digestive disorders or skin problem, that is, skin becoming slightly blue. These disease are caused if fluoride content is more than 1.5 mg per litre of water. Then, there is the problem of saline water. An imbalance in the saline content of the body may create disorders. Therefore, different pollutants have different effects on human beings. This is the situation. These are consequences of taking impure water, that is why, people are after pure water. My learned friend has said that ordinary water can become potable by spending three paise per litre. But water is being sold at Rs. 10/- per bottle. It is not a political issue. It is totally a non-political issue. But, we want to emphasise the consequences of it. Sir, Shri Jibon Roy

is also here. Capitalists are exploiting the masses of this country. We cannot deny it. I am giving the following particulars to show how much water is being sold in my State per day. I am giving these particulars only to make you understand the problems being faced by the people throughout India. What is the problem? In my State, every day, two lakh, one-litre bottles, costing Rs. 10/- each are being sold. That comes to Rupees 20 lakhs. Then, one lakh, twelve litre-cans are being sold every day. The cost comes to Rupees 15 lakhs. Then, twenty-five thousand, twenty-litre bubble top-cans are being sold. The cost comes to Rs. 8,75,000/-. About fifteen thousand, twenty five-litre cans are being sold. The cost comes to Rs. 3,75,000/ -. Then, four lakh, 100 ml sachets are being sold. So, they are spending an amount of Rs. 51,50,000/- on water. That comes to, approximately, Rs. 50 lakhs. That is, per year, in my State, they are spending Rs. 180 crores on pure water. The population of my State is about six crore. Six crore people are spending Rs. 180 crores per year! This much they are spending to get pure drinking water! If you have to calculate the cost for hundred crore people, you imagine the problem. It is for this purpose that I have stated these particulars. When such is the situation, how are we going to solve the problem? First is the problem, second, there is the consequence, and thirdly, how are we going to solve it. I feel is very difficult to implement the suggestion made by my hon. friend. He says that water should be supplied throught the Public Distribution System. The intention is good, but the idea is bad. My presumption is that if the Government manufactures pure water and sells it through the Public Distribution System, the cost has been such that people started thinking that private manufacturers are better. And, how is it possible to implement it throughout India? It might lead to that situation. That is not the case. We should first see how the impurities in the river could be removed. Secondly, sea water should be desalinated; thirdly, the Government of India should convene a conference inviting all the Ministers of the concerned State Governments and ask them about their experience, because they are having their own experiences in the States. They will tell you how they have solved the problems now. From their experience, you can enrich you knowledge; from their experience, you can find some solution. That is the only thing. For the River Grid Project, an expenditure of Rs. 5,60,000 crores is

required for 30 links. It is very important. The river water is flowing into the sea but the water is not being diverted from one State to another. Sir, I will give you an instance. Coimbatore is the place where I am living. That is where my residence is. Within a distance of 25 kilometres from Coimbatore, there is a place called Mannarkadu. There are about 5-6 rivers in that area. No water is required there, but they are diverting the waters of the Bhavani river — artificially, they want to divert the water to the other side — not for drinking purposes, or, even irrigation purposes, but, to provide water to a mineral water industry which lies somewhere between the Tamil Nadu border and Mannarkadu. So, Sir, in order to provide water to the mineral water industry, the river water itself is being diverted to another area. So, you can imagine, Sir, how much profit through that mineral water business they would be making.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR ROY CHODHURY): Mr. Virumbi, I have asked you to wind up now... *(Interruptions)...*

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: Sir, I am concluding. That is why, cutting across party lines, we are opposing that... *(Interruptions)...* So, Sir, there are three aspects — the problem, which is serious, the cause and consequences, and thirdly, the remedies, Sir, the remedy lies not in the traditional way or in the Western way, but we have to find out some middle course. We have to find out a method from our own experience, and with the help of the village people we can do it. I feel that the Government of India should take special measures to see that pure water is supplied to all the people of the country. With these words, I conclude. Thank you.

श्री गांधी आजाद (उत्तर प्रदेश) **:** धन्यवाद उपसभाध्यक्ष महोदय। माननीय सांसद श्री अबू आसिम आजमी जी द्वारा लाया गया यह संकल्प महत्वपूर्ण है और लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं। आज देश की प्रमूख समस्या पेयजल बनता जा रहा है । पेयजल मानव के लिए जीवन रक्षक आवश्यकता बन गया है । जिस तरह से भोजन, कपड़ा और मकान मानव की आवश्यक आवश्यकता है, उसी तरह से पेयजल भी आज हर मनुष्य की आवश्यका आवश्यकता का रूप लेता जा हरा है। स्वच्छ पेयजल के अभाव में हमारे देश में अनेक जानलेवा बीमारियों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। डायरिया, आंत की बीमारी, खसरा आदि अनेक बीमारियों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। स्वच्छ पेयजल के अभाव

में बीमारियां फैल रही हैं। बीमारियों के कारण मनुष्य की कार्यक्षमता लगातार घटती जा रही है। इसका प्रभाव देश के विकास पर भी परोक्ष रूप से दिखाई दे रहा है।

उपसभापध्यक्ष महोदय, चिंता का विषय है कि भू-गर्भ का जलस्तर लगातार नीचे गिरता जा रहा है। इसलिए मैं सदन के माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि इसको रोकने के लिए कारगर उपाय किये जाने चाहिए। साथ ही साथ नदियों का जल भी दूषित होता जा रहा है। आज नदियों, नालों में गंदे पानी का बहाव के कारण, कल-कारखानों के दूषित पानी के बहाव के कारण, उसमें शौच आदि के कारण तथा मरे हुए पशुओं को नदियों मे फैंक देने के कारण पानी प्रदूषित हो रहा है। यहां तक कि गंगा का जल भी बहुत दूषित हो गया है । वैज्ञानिकों की राय में गंगा का पानी नहाने के लायक भी नहीं रह गया है । इसे पीने का तो सवाल ही नहीं उठता है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आज दूध में मिलावट की चिंता नहीं है, बल्कि चिंता इस बात की है कि दूध में मिलाया जाने वाला पानी शुद्ध है या नहीं है। क्योंकि अगर वह पानी अशुद्ध हैं तो वह दूध को भी, जो साफ सुथरा है, जिसने यह कार्यक्रम चलाकर, कि 90 कदम पर चलें, दस कदम आप चलें, कम से कम ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में पेय जल की व्यवस्था करने का उपाय किया है। मेरा सुझाव है कि ग्रामीण क्षेत्रों में इंडिया मार्का हैडपम्प को गहरी बोरिंग करके लगाया जाए ताकि साफ और स्वच्छ जल प्राप्त हो सके । इसी प्रकार शहरी क्षेत्रों में पाइप द्वारा जल आपूर्ति करके जल की स्वच्छता एंव गुणवत्ता पर ध्यान रखने पर विशेष बल दिया जाए।

यदि संभव हो सके तो पेय जल को बोतल में या पोली पैक के रूप में सुलभ कराने के कारगर उपाय सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से किया जाना चाहिए । महोदय, स्वच्छ पेय जल उपलब्ध कराने के लिए यदि संभव हो सके तो केन्द्रीय पेयजल सलाहाकार बोर्ड की स्थापना करके इसको जन जन तक पहुंचाने का समुचित प्रयास किया जाना चाहिए । इसी आशा के साथ, धन्यवाद ।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर राय चौधरी) : प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा । आपके 6 मिनट हैं।

प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा (उत्तर प्रदेश) **:** उपसभाध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो मैं आपको अवसर देने के लिए धन्यवाद देता हूं । मान्यवर, श्री अबू आसिम आजमी जी ने अपना जो संकल्प प्रस्तुत किया है, उसका जो पहला पैराग्राफ है, उसकी भावना से मैं बहुमत में सहमत हूं । इसमें जो उल्लेख है कि "स्वच्छ पेय जल मानव के लिए जीवन रक्षक आवश्यकता है।" यह कि "इसके न मिलने पर मनुष्य अनेक जानलेवा बीमारियों

का शिकार हो जाता है। "और उसके बाद कि" उसकी यह क्षमता घट जाती है। सुरक्षित पेय जल की कमी का लाभ उठाने के लिए मिनिरल वाटर के नाम से पेय जल बेचने वाली बड़ी कम्पनियां बाजार में उतर आयी है। इनके द्वारा बेचे जाने वाला जो पानी है, उसकी कीमत बहुत अधिक है, आम आदमी की क्रय शक्ति के परे हैं तथा जो पाइप के द्वारा पेयजल की आपूर्ति होती है, वह ज्यादातर संक्रमित हो जाता है, गंदा हो जाता है, संदूषित हो जाता है ।" इन सारी बातों से मैं सहमत हूं । महोदय, बहुत पहले, जब मैं छोटी कक्षा में पढ़ता था तो अतिश्योक्ति **अंलकार**का उदाहरण मैंने पढ़ा था, उसमें आया था कि:

"ऊंचे ऊंचे धाम, उन पे बैठे पक्षिन के गण,

घन से पिबत वन, शोचन चलाय के।"

तब मेरी समझ में आया कि वन का अर्थ पानी भी होता है। जीवन में से अगर वन निकाल दिया जाए तो जीवन अपने आप समाप्त हो जाएगा। इसिलए जीवन के लिए जिन मूलभूत बातों की आवश्यकता है उनमें भोजन है, जल नहीं बल्कि स्वच्छ जल है स्वच्छ वायु है। भोजन के बिना तो हम कुछ दिनों तक जिंदा रह सकते हैं लेकिन स्वच्छ पानी के बिना हम कुछ घंटों तक ही जिंदा रह सकते है। इससे लगता है कि शुद्ध जल की जीवन के लिए अत्यंत आवश्यकता है। यह स्वच्छ जल, जिसकी आज कठिनाई उत्पन्न हो गयी है, इसकी पहले इतनी कठिनाई नहीं थी।

जब मैं छोटा था, आज से चालीस-पचास साल पहले, उस समय स्वच्छ पेय जल की इतनी विकराल समस्या नहीं थी। इंसान ने प्रगति की है, हम विकसित समाज के रूप में आगे बढे है लेकिन स्वच्छ पेयजल की किल्लत बहुत अधिक बढ़ गयी है। इसके कारण क्या हो सकते हैं, इस पर विचार करना चाहिए । मैं समझता हूं कि इसका एक कारण तो यह है कि हमारी आबादी अनियमित तरीके से अनाप-शनाप बढ़ी है। हम कल्पना कर सकते हैं कि हमारा देश क्षेत्रफल में सयुंक्त राज्य अमेरिका से एक तिहाई कम है। हमारी आबादी संयुक्त राज्य अमरीका की आबादी से तीन गुना ज्यादा है। जो संसाधन है – हमारे देश में यहां के प्रत्येक नागरिक की हिस्सेदारी अमरीका में रहने वाले नागरिक के बनिस्पत 1/10 हैं । स्वाभाविक रूप से जब अनाप-शनाप आबादी बढ़ेगी , जनसंख्या बढ़ेगी तो जो प्राकृतिक संसाधन होंगे, वे प्रति व्यक्ति कम होते चले जाएंगे, सिमटते चले जाएंगे। मान्यवर, आज जो पानी की किल्लत है उसका एक कारण जो मैं समझ रहा हूं वह अनाप-शनाप और अनियंत्रित तरीके से बढ़ती हुई जनसंख्या है । मान्यवर, इसका दूसरा कारण जल प्रबंधन की कमी हो सकती है । इस देश में वैसे विशेष पानी की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह देश जल संपदा से परिपूर्ण है लेकिन प्रबंधन की कमी है। यह प्रबधंन की कमी कैसे हैं? एक तो जी

हमारे सिंचाई के पुराने तौर-तरीके हैं, जैसे किसी खेत मे पानी लगाना है तो नहर का पानी सीधे ही खेत में लगा दिया जाता है, जैसे किसी खेत में पानी लगाना है तो नहर का पानी सीधे ही खेत में लगा दिया जाता है। आवश्यकता होती है सौ लीटर की लेकिन खेत में दस हजार लीटर पानी पहुंचता है । किसी जमाने में जो रेगिस्तान थे, इस्त्राइल और केलिफोर्निया, जहां पानी का सर्वथा अभाव था, उन्होंने सिंचाई के तौर-तरीकों में परिवर्तन करके, स्प्रिकल के द्वारा या डिप सिस्टम के द्वारा रेगिस्तान को नखलिस्तान में बदल दिया है । इस देश में हमारे वही पुराने तौर तरीके हैं इसलिए कही पर पानी मिलता नहीं है और कहीं पर इतना अधिक मिलता है। वे नहीं जानते कि खेत में कितनें पानी की आवश्यकता है । नहर से सीधे खेत में लगा देते है। मैं कहना चाहता हूं कि इस देश में जन चेतना का सर्वथा अभाव है। भण्डारण होना चाहिए । हम भण्डारण के प्रति जागरूक नहीं है । पानी के संरक्षण के प्रति जागरूक नहीं है। यहां आदरणीय पचौरी साहब अभी रिचार्ज आफ वाटर के बारे में उल्लेख कर रहे थे। अपने देश में कुछ ऐसे कार्पोरेशन हैं जिन्होनें नियम और कानून बनाए है। मकान के निर्माण के लिए उन्होनें वाटर रिचार्ज की डिवाइस मेंडेट्री कर दी है । यह पूरे देश में लागू होना चाहिए। हर नगर-निगम, हर म्युनिसिपेलिटी मे लागू होनी चाहिए । मैं समझता हूं कि जहां पानी का अभाव है, वहां होना चाहिए । गांव में और देहात में भी हो जाना चाहिए । पानी की कमी नहीं है । अगर पानी का ठीक से भण्डारण करें तो समस्या हल हो सकती है। महाराष्ट्र में, जहां कुछ जगहों पर पानी नहीं था वहां उन्होनें चेक डैम बना लिए । गुजरात में हजारों की संख्या में चेक डैम बन गए है। राजस्थान में भी कुछ एन.जी.ओज. ने बनाए है । यदि ये चेक डैम बनाकर हम पानी को जगह-जगह रोक लें तो मैं समझता हूं कि देश में पानी के अभाव को काफी बड़ी संख्या में दूर कर सकते हैं। मान्यवर, कुप्रबंधन है, शासन **को** तरफ से भी कैसी उपेक्षा है, मैं यह आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं, आपके माध्यम से सपूंर्ण सदन के संज्ञान में लाना चाहता हूं । जब मैं उत्तर प्रदेश मे अमरदा विधान सभा क्षेत्र से विधायक था **मेरे** क्षेत्र में एक गांव था जिसका नाम है दन्नापूरा । मैं जब उस गांव में गया तो मैंने देखा कि बीस-पच्चीस साल के लोग टेढ़े हो गए है। उनके जवाइंट में स्टेपनिंग आ गई है, स्टिफ हो गए है, उनके दांतों में माटलिंग प्रारंभ हो गई है । मैंने पता लगाया और जब वहां का पानी टेस्ट कराया तो मालूम हुआ कि उसमें फ्लोराइड है । उसी के बगल में एक दूसरा गांव था कनौली । मुझे वहां के लोगों ने बताया कि जब उन्होंने सिंचाई के लिए कुआं खोदा तो कुआं खोदते समय ही एक विषैली गैस के कारण कुआं खोदने वाले लोग मर गाए । जो पानी निकला और वह पानी जब खेतों में लगाया गया तो सफल भी बर्बाद हो गई ।

जब पानी को टेस्ट कराया गया तो मालूम हुआ कि आयरन फास्फेट की अधिकता है । मैं जब यह शासन के संज्ञान में लाया तो जो पानी की टंकी बनाई गई वह उस गांव के लिए नहीं बल्कि बगल के गावं में, जो वहां के मुख्यमंत्री के स्वजातीय लोगों का गांव था, जहां पानी प्रचूर मात्रा में था, वहां के लिए बना दी गई । जितने पानी की आवश्यकता थी उतना पानी उन्हें अभी भी नहीं मिल पा रहा है। शासन में किस तरह से प्रबंधन का अभाव है और किस तरह से भेदभाव है, यह इससे जाहिर होता है । जिन्हें स्वच्छ जल मिलना चाहिए उन्हें नहीं मिल पा रहा है। मेरी इस समस्या पर बाद में मैने प्रोजेक्ट लेकर रिसर्च की हैं, मुझे पी.-एच.डी. मिली, मैने यह पाया कि यह फ्लोराइड केवल उस क्षेत्र की समस्या नहीं है, इस देश के विभिन्न प्रदेशो में जगह-जगह फ्लोराइड की अधिकता या कमी की वजह से या तो लोग जवानी में वृद्ध हो जाते हैं, टेढे हो जाते हैं, अष्टावक्रबद्ध हो जाते हैं, उनके दांत गिर जाते हैं या अन्य तरह की बीमारियां पैदा हो जाती है। यह केवल इंसानों में ही नहीं बल्कि जानवरों में भी हो जाता है। मान्यवर, इस फ्लोराइड को दूर करने की जो विधियां ईजाद की गई हैं, उसमें एक नालगुण्डा तकनीक है जो आंध्र प्रदेश में इस्तेमाल की जाती है, वह भी पॉप्युलर नहीं है । सरकार ने इस दिशा में सरकार को रिसर्च करनी चाहिए और कोई सस्ती तकनीक विकसित करनी चाहिए, जिससे कि लोगों को फ्लोराइड फ्री पानी मिल सके ।

मान्यवर, इनके संकल्प का जो दूसरा भाग है, "पेयजल बोतलबंद या पोलीपैक में सुलभ कराना" मैं समझता हूं कि यह समस्या का हल नहीं है । पोलीपैक या बोतलबंद पानी सस्ता भी तो होना चाहिए और फिर क्या गारंटी होगी कि वह शुद्ध भी होगा ? जो बोतलबन्द पानी अभी बाजार में मिल रहा है, उसकी जो एनैलेसिस हुई है और जो पाया गया है वही शुद्ध नहीं है । फिर इन्होंने कहा है कि सुरक्षित पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के लिए केन्द्रीय पेयजल सलाहाकार बोर्ड की स्थापना होनी चाहिए , मान्यवर, मैं इससे भी सहमत नहीं हूं, क्योंकि पहले ही केन्द्रीय सरकार के अंतर्गत सैन्ट्रल बना हुआ है । अगर पेयजल के बारे में लोगों में सचेतना फैलानी है तो मैं समझता हूं कि ये तीन-तीन आर्गेनाइजेशंज पहले से हैं, इनके माध्यम से चेतना फैलायी जो सकती है और लोगों को सलाह भी दी जा सकती है । मान्यवर, 1988 में माननीय राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व में जो राष्ट्रीय पेयजल योजना बनी थी, उसमे लोगों को स्वच्छ जल मुहैया कराने के लिए करोड़ो रूपया एनजीओज के माध्यम से दिया गया । वह ज्यादातर पैसा भ्रष्टाचार

में बर्बाद हो गया है । इस समय जो प्रधानमंत्री स्वजलधारा योजना है, इसके बारे में भी देश की जनता को अभी भली-भांति मालूम नहीं है। मैं जिस बात पर जोर देना चाहता हूं , वह जनचेतना है । तब तक समुचित रूप से जनचेतना विकसित नहीं होगी, तब तक जो हमारे प्राकृतिक भंडार है, उनका हम सरंक्षण नहीं कर पायेंगे, पानी का ठीक से भंडारण नहीं कर पायेंगे और एनीजीओज के माध्यम से जो पैसा खर्च होता है, उसके प्रोपर मॉनिटरिंग की जब तक कोई व्यवस्था नहीं होगी, तब तक जो भी पैसा हम खर्च करेंगे, वह व्यर्थ जाएगा।

मान्यवर, अंत में मैं यही कहना चाहूंगा कि पानी जीवन के लिए महती आवश्यकता है । मैंने जब प्रांरभ में छोटी क्लास में पढ़ा था, तब मैं इसका अर्थ ठीक से नहीं समझ पाया था कि :

"रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून,

पानी गए न उबरे, मोती मानस जून ।"

आज जब मैं विकराल अवस्था देखता हूं और लोग कहते हैं कि अगला विश्व युद्ध होगा तो पानी पर होगा, इसकी कल्पना करके ही डर लगता है, भय होता है। समय रहते अगर हम उचित प्रबन्धन कर लें, सरकार अगर इस दिशा मे जागरूक हो जाए, इस देश की जनता में चेतना फैल जाए, तो मैं समझता हूं कि इस विकराल समस्या से निजात पाई जा सकती है। मान्यवर, आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR ROY CHOWDHURY): Dr. Prabha Thakur, you have ten minutes.

डा. प्रभा ठाकुर (राजस्थान) : महोदय, सदन के माननीय सदस्य श्री अबू आसिम आजमी साहब ने एक बहुत ही विशेष महत्व का विषय आज चर्चा के लिए संकल्प के रूप में जो प्रस्तुत किया है, मैं उसका स्वागत करती हूं। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण और आवश्यक विषय है, क्योंकि यह एक मनुष्य के, एक प्राणी मात्र के जीवन से जुडी हुई आवश्यकता से संबंधित विषय है । यह केवल मनुष्य और प्राणी ही नहीं, पूरी प्रकृति, पेड़ पौधे,खेती सब कुछ पानी की महिमा पर ही निर्भर करता है। हमारे जीवन में जिस प्रकार हवा का महत्व है उसी प्रकार पानी का महत्व है । 30-35 वर्ष पहले महोदय, शायद कभी किसी ने यह सोचा भी न होगा कि कभी ऐसा भी समय आएगा जब बोतलों में बदं पेयजल मिलेगा, जो कि दूध से भी अधिक महंगा होगा। हर नागरिक को, हर व्यक्ति को, यह बराबरी का अधिकार है और यह उसका प्राथमिक अधिकार है कि उसे स्वच्छ, शुद्ध व मीठा पेयजल उपलब्ध हो । यह व्यक्तियों की अपनी और समाज की जिम्मेदारी के

अलावा केन्द्रीय और प्रदेश की सरकारों का भी प्रथम कर्तव्य है कि वे किस प्रकार मनुष्यों को पीने के लिए स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करायें । आज मिनरल वाटर के नाम पर प्राइवेट कंपनियां बीस-बीस रूपए, पच्चीस-पच्चीस रूपए की एक-एक लिटर की बोतल दे रही हैं । जो आर्थिक रूप से सक्षम लोग है, वे तो इस पानी को उपलब्ध कर लेते हैं, पी लेते हैं, लेकिन जो लोग इतना पैसा देकर यह बोतल का पानी नहीं खरीद सकते , वे हर तरह का प्रदूषित पानी पीने के लिए विवश है । इस दिशा मे निश्चित रूप से सरकार को सोचना चाहिए कि किस प्रकार आम जनता के लिए शुद्ध पेय-जल उपलब्ध कराया जाए। मिनरल वाटर में भी विवाद रहा है कि उसमें कितनी मांत्रा में कीटनाशक दवाएं होती है, कितनी मात्रा में नहीं होती, लेकिन सरकार का यह एक नैतिक कर्त्तव्य है कि वह जनता को स्वच्छ पेय-जल अवश्य उपलब्ध कराए, चाहे वह पोलीपैक में हो या बोतलों में बंद हो । रेलवे मे विशेषकर इसकी व्यवस्था होनी चाहिए क्योंकि जो रेलवे में हजारो, लाखों लोग रोज यात्रा करते हैं उनको जब शुद्ध पेय-जल नहीं मिलता तो वे प्लेटफार्म पर जैसा भी पानी मिलता है उस पानी को पीने को बाध्य होते हैं।

महोदय, आजकल पिछले कुछ वर्षो से देखा जा रहा है कि दुर्भाग्य से देश में प्रदूषित जल मिलता है और इस प्रदूषित जल को पीने से कई प्रकार की बीमारियां लोगों को होती है। पानी तो इंसान को **पीना** ही पड़ता है, प्यासे आदमी को जैसा भी जल मिलता है वह उसको पीता है, लेकिन प्रदूषित जल स्वास्थ्य के लिए कितना हानिकारक हो सकता है, इससे खून भी पानी बन सकता है, इससे लीवर की, किडनी संबंधी कितनी ही खतरनाक बीमारियां हो सकती है । इसलिए एक मनुष्य का, एक नागरिक का यह प्रथम अधिकार बनता है कि उसे स्वच्छ पेय-जल मिले । चाहे किसी बोर्ड का गठन करके या किसी भी प्रकार से इसके लिए कोई न कोई उपाय होना ही चाहिए ।

महोदय, राजस्थान जैसे प्रदेश मे पानी का घोरतम संकट हैं । यहां के लोग मीठा पानी पीने के लिए तरस जाते हैं । राजस्थान के कई जिलों में फ्लाराइड-युक्त पानी पीने को लोग विवश हैं और यह विवशता आजादी के इतने वर्षो बाद भी है। मेरा आग्रह है कि चाहे किन्हीं और मामलों में कटौती की जाए, लेकिन आम आदमी को, इस देश के आम नागरिक को मीठा स्वच्छ जल पीने का हक मिलना चाहिए। दुख होता है, जब इस तरह की स्थिति देश में उत्पन्न होती है कि देश के एक भाग में तो नदियों में जल ही जल है और कहीं एकदम सूखा है और ऐसी स्थिति में नदी के जल के बटवारे को लेकर आपस में झगड़ा होता है, राजनैतिक विवाद होते हैं और उस समय मानवीय दृष्टिकोण नहीं अपनाया जाता कि जहां मनुष्य को जल की जरूरत है, जहां फसल को उस **जल** की जरूरत है वहां उस जल को पहुंचाया जाना चाहिए । होना तो यह चाहिए

4.00 P.M.

कि नदी के जल का जो विषय है, वह प्रदेशों का विषय न होकर केन्द्र का विषय होना चाहिए ताकि जो नदियों के जरिए । प्राप्त जो जल है वह उस व्यक्ति को सुलभ हो सके, जिसे उसकी आवश्यकता है। जिस प्रकार सूरज की रोशनी पर, जिस प्रकार हवा पर हम कोई प्रतिबंध या कोई पांबदी नहीं लगा सकते, उसका कोई वर्गीकरण या विभाजन नहीं कर सकते, उसी प्रकार यह पानी भी एक तरह से कुदरत की देन है, जिस पर किसी प्रकार का अतिक्रमण या पाबंदी किसी प्रदेश, प्रदेश सरकार की ओर से नहीं हो सकती और न होनी चाहिए ।

महोदय, कई प्राइवेट कंपनियां मिनरल वाटर के नाम से अपना करोड़ो रूपया बना रही है। अब वह किस प्रकार का जल होता है या नहीं होता, इस बारे में तो वैज्ञानिक विधि से जांच करके ही वैज्ञानिक बता सकते हैं , लेकिन मैंने कहीं पढ़ा था कि कोका-कोला, पेप्सी-कोला जैसी कंपनियां यह कहती है कि हमारा कंपटीशन किसी पेय-पदार्थ से नहीं है, पानी के साथ है। उनका यह कहना है कि उनका पेय लोग पानी के एवज में पिए क्योंकि पानी प्रदूषित है । आज तो युवा-वर्ग मे एक चलन यह चल गया है कि वह खाने के साथ जिस तरह पहले पानी पिया जाता था, आजकल युवा-वर्ग अमरीकी पैटर्न पर भोजन के साथ पेप्सी-कोला, कोका-कोला लेते हैं बजाय इंसकी परवाह किए कि वह स्वास्थ्य के लिए कितना हानिकारक है ।हालांकि हमारे प्रधान मंत्री वाजपेयी जी का एक वक्तव्य हमने कहीं अखबारों में पढ़ा था, जो कि अमरीकी राष्ट्रपति जार्ज बुश के साथ के प्रसंग के विषय में था कि जार्ज बुश और कोई पेय पदार्थ न लेकर लगातार जल पी रहे थे। तो इतनी अमरीकन कम्पनियां पैप्सी ओर कोला बना रही है जबकि अमरीकन राष्ट्रपति खुद महसूस करते हैं कि यदि स्वास्थ्य के लिए सबसे ज्यादा हितकारी कोई चीज है तो वह पानी है । तो पता नहीं क्यों इस प्रकार का भ्रामक प्रचार किया जा रहा है युवा लोगों में कि वह पेयजल में पानी की बजाय पैप्सी या कोला आदि पीने लगे हैं।

महोदय, अंत में मैं आपसे इतना ही कहना चाहूंगी कि प्रधानमंत्री जी ने एक बड़ी महत्वपूर्ण योजना के बारे में कहा है, जो कि स्वर्गीय प्रधानमंत्री , पं0 जवाहर लाल नेहरू के समय में भी बनी थी, उन्होने भी नदियों के जल के एकीकरण की योजना बनाई थी । अभी प्रधानमंत्री जी ने भी यही कहा है कि नदियों के जल के एकीकरण की योजना बननी चाहिए ताकि आज तो कहीं बाढ़ ही बाढ़ है और कहीं सूखा, ऐसी स्थिति देश में न रहे और पानी की जहां जैसी जरूरत हो, वहां वह उपलब्ध हो सके । इस योजना में तो पता नहीं कितने वर्ष लगेंगे और वह कब कारगर होगी, लेकिन तब तक कोई ऐसी

व्यवस्था बने ताकि आम आदमी को पीने के लिए अच्छा पानी मिले और राजस्थान जैसे प्रदेश में तो यह स्थिति हो गई थी कि वहां रेल के वैगनों से पानी पहुंचाया गया, कहीं टैकरों के जरिए पानी पहुंचाया गया । एक कहावत है कि प्यासा कुएं के पास जाता है, कुआं प्यासे के पास नहीं, लेकिन राजस्थान में इस साल यह स्थिति हो गई कि प्यासे, के पास कुआं गया- कहीं रेल के वैगनों से तो कहीं टैकरों से पानी पहुंचाया गया । भूजल का स्तर वहां बहुत नीचे गिर गया है, अकाल की निंरंतरता के कारण। इसिलए राजस्थान सरकारकी यह मांग है और यह बहुत कही वाजिब मांग है कि पेयजल को दृष्टि में रखते हुए राजस्थान जैसे प्रदेश को उत्तर-पूर्वी प्रदेशों की भांति एक विशेष राज्य का दर्जा मिलना चाहिए ।

मैं यही कहूंगी कि यह बहुत ही आवश्यक और महत्वपूर्ण संकल्प हैं । मैं इसका पूरी तौर पर समर्थन करती हूं । अंत मे मैं यही कहना चाहूंगी कि चाहे केन्द्रीय पेयजल सलाहकार बोर्ड का गठन हो या कोई इस तरह का कानून बने या कोई इस तरह की व्यवस्था हो जिससे कि इस देश में आम नागरिक को, एक गरीब और साधारण व्यक्ति को भी दो-तीन रूपए में ही एक लीटर शुद्ध जल जरूरत पड़ने पर मिल सके । धन्यवाद ।

श्री कृपाल परमार (हिमाचल प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष जी, सबसे पहले तो मैं इस सदन में पहली बार आपकी इस ताजपोशी के लिए आपको बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि अतीत में जिस तरीके से आपने हिन्दुस्तान की सरहदों की रक्षा की है, सदन में संविधान की रक्षा भी आप उसी तरह से करते रहेंगे ।

उपसभाध्यक्ष जी, कुदरत ने हमें पांच नियामतें दी है । अब मैं जिनसे पढ़ा हूं, वे भी लाला जी की तरह अध्यापक थे, उन्होंने यही कहा था जो मैं आपसे कह रहा हूं । जिसे पंच अमृत कहा गया – दूध, दही, शहद, घी और पानी । इनमें से पहले चार अमृत बाजार में बिकते थे । वे अलग-अलग कम्पनियों के ट्रेड मार्क से बिकते थे और अब ऐसा समय आया कि जो पंच अमृत का पांचवा अमृत था, जिसे कुदरत ने पृथ्वी पर कुल क्षेत्रफल के 75 फीसदी से ज्यादा दिया है, वह भी बिकने लगा। जहां तक मीठे पानी का सवाल है, वह भी लोगों के पीने के लिए काफी मात्रा मे उपलब्ध है, लेकिन उसके बावजूद भी यह बाजार में बंद बोतल के जरिए उपलब्ध है । दूसरी विडम्बना यह है कि सावन के महीने में जब दिल्ली में छम-छम बरसात हो रही हो, उस समय हम इस सदन में बैठकर पीने के पानी की कमी की चर्चा कर रहे हों। महोदय, जब पानी पूरा है, पीने वाले पानी की कमी नहीं है, भगवान ने भी 5 अमृतों में सबसे महत्वपूर्ण अमृत पानी को बनाया है तो फिर क्या कारण है कि आज हम सदन में बैठकर इस पर चर्चा करने के लिए मजबूर हुए हैं?

मान्यवर, पुराने जमाने में हमारे बुजुर्गो को वर्षो का पानी को रोकने की और उसका इस्तेमाल करने की तहजीब थी। हम गांवों में तालाब बनाते थे, कुएं बनाते थे, बावड़ियां बनाते थे लेकिन आज आजादी के 56 बरसों के बाद हालात यह है कि एम.पी. फंड में जो सबसे ज्यादा एप्लीकेशंस आती है, उनमें यह मांग की जाती है कि हमारे तालाब को साफ करने के लिए 10 हजार रूपए दो, हमारे कुएं को साफ करने के लिए 5 हजार दो, हमारी बावड़ी को साफ करने के लिए 3 हजार रूपए दो । यानी पिछले 56 सालों में गावों के लेवल पर, गांवों के स्तर पर, गांवों के लोग मिलकर जिस पानी की व्यवस्था कतरे थे, सरकारों की दखलंदाजी के कारण वे लोग मिलकर जिस पानी की व्यवस्था करते थे, सरकारों की दखलंदाजी के कारण वे लोग सरकारों पर निर्भर रहने लेग और यही से समस्या की शुरूआत हुई ।

मान्यवर, मैंने 12 साल की उम्र में खुद अपने गांव के कुएं में उतरकर उसे साफ करने का काम किया है लेकिन आज कोई व्यक्ति 12 साल के बच्चे को कुएं पर जाने नहीं देता कि गिर जाओंगे क्योंकि आज नलों के द्वारा पानी लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। आज गवर्नमेंट नदी से पानी उठाकर मेरे घर तक पहुंचा रही है। जब तक नलकों के अदंर पानी है, वह पीने योग्य है लेकिन जैसे ही वह नीचे गिरता है, वह दूषित हो जाता है और काम में लाने के काबिल नहीं रहता । आज मानसिकता यह है कि मैं उठकर उस नलके को बंद करने की जहमत तक नहीं उठाता हूं । हम कहां से लाएंगे इतना पानी?

प्रोफेसर साहब ने कहा कि इसके लिए जन-चेतना की जरूरत है । मैं कहता हूं कि इसके लिए जल-चेतना की जरूरत है । जब तक बरसात के पानी को रोका नहीं जाता, उसका ठीक से प्रबंध नहीं किया जाता, तब तक यह समस्या हल नहीं होगी । कहा जाता है कि जिस गांव मे तालाब होता है, उस गांव के कुए नहीं सूखते क्योंकि तालाब का स्तर ऊंचा रहता है और कुओं का स्तर नीचा रहता है । सीपेज के साथ कुओं में पानी जाता रहता है और दैनिक जरूरतों के लिए लोगों को पानी मिलता रहता है। पीने वाला पानी भी उसी तालाब से उपलब्ध रहता है।

मैं यह कहना चाहता हूं कि ऐसे संकल्प में सरकार की नुक्ताचीनी नहीं होनी चाहिए । दूसरे पक्ष की ओर से यह कहा गया कि एन.डी.ए. की सरकार ने इसकी तरफ ध्यान नहीं दिया। इसके जवाब में मैं आपको एक उदाहरण देना चाहता हूं । मैं हिमाचल प्रदेश का रहने वाला हूं और हिमलाचल प्रदेश में 1977 में जब जनता पार्टी की सरकार आई तो उस वक्त जनता पार्टी के घोषणापत्र में यह कहा गया था कि हम लोगों को पीने का पानी मुहैया कराएंगे। पहली बैठक में जब जनता पार्टी के सत्ताधारी लोग मिले, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के लोग भी शामिल थे, **श्री** शांता कुमार जी मुख्यमंत्री थे, उनको

यह जानकर हैरानी हुई कि पिछली सरकारों के 30 साल के राज में हिमाचल प्रदेश में लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए आई.पी.एच. का विभाग तक नहीं था।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आज वक्त बहुत गुजर चुका है। आज जिस तरीके से प्रधानमंत्री जी ने स्वजलधारा का कार्यक्रम शुरू किया है , वह काबिले तारीफ है। यहां पर मेरे पूर्व वक्ता ने कहा कि 90 कदम सरकार चलेगी और 10 कदम लोग चलेंगे । इसमें भावना यह है कि जब तक इस काम में, पानी के प्रबंधन में लोगों की भागीदारी नहीं होगी, तब तक इस समस्या को हल नहीं किया जा सकता है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, एक सपना हमारे प्रधानमात्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने देखा है । ऐसा लगता है कि यह **सपना**शायद सच नहीं हो पाएगा लेकिन जिस तरीके से इससे पूर्व जो सपना उन्होंने देखा था पूरे हिन्दुस्तान को सडकों से जोडने का, जिस गति से उन सडकों पर काम हुआ है, उससे मेरे विश्वास को बल मिलता है कि जो सपना आज सच नहीं लगता , आज वह प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी का सपना मात्र लगता है, लेकिन जिस अटल विश्वास के साथ माननीय प्रधानमंत्री जी देश को चला रहे हैं, मुझे लगता है कि नदियों को जोडने का जो सपना उन्होने देखा है, हमारी सरकार उसको भी पूरा करके दिखाएगी। जैसा हमारे पूर्व वक्ताओं ने कहा कि अगर नदियों को जोडने का कार्यक्रम पूरा हो जाए, तो न तो यह बरसात में बाढ़ की नौबत आएगी और न ही राजस्थान के रेगिस्तान जैसे इलाकों में किसी की टेंकर से पानी लाने की जरूरत आएगी। हमारी बहन प्रभा ठाकुर ने कहा कि प्यासा कुएं के पाय जाता है, कुआं प्यासे के पास नहीं आता । राजस्थान ने इस बार एक करिश्मा करके दिखाया कि कुएं को उठा कर लोगों तक प्यासे के पास ले गए । अगर कुएं को टेंकर में लगाकर घूमेंगे तो मुझे लगता है कि अगली बार पीने योग्य पानी भी नहीं मिलेगा । कुएं को कुंए के स्थान पर रहने दो, उसमें पानी का इंतजाम करो ओर यह तभी हो सकता है जब हम जनचेतना के साथ-साथ जल चेतना का भी इंतजाम करें ताकि यह जो 5 अमृत का बहुमूल्य अमृत है वह लोगों के पास मुफ्त में और अमृत के रूप मे उपलब्ध रहे । माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आपने इस विषय पर , इस सकंल्प पर बोलने का मौका दिया मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं ।

SHRI PRITHVIRAJ CHAVAN (Maharashtra): Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir. The Resolution brought by Mr. Abu Asim Azmi on need for drinking water, particularly bottled drinking water, and for arrangements to be made for drinking water in packaged form provided by the Government is a good Resolution, perhaps not

very practicable. Sir, it is after a long time that we are discussing the subject of bottled drinking water. Sir, I would touch just four or five basic points very briefly. I would not cover the entire gamut of drinking water; the Swajaldhara Scheme or the Rajiv Gandhi Drinking Water Mission and how bottled water is going to reach villages. Obviously this cannot be taken to every citizen. It is consumed by a very elite section of our society. But wherever bottled water is being sold, there are problems. I would like to highlight a few of them. Sir, the first problem that I would like to highlight is about the pricing of the bottled water. The bottled water is sold, as some Members have already said, at more expensive prices than what farmers get for their milk - Rs. 10 or Rs. 12 per litre. Now, there is a need for the Government to go into the pricing aspect of this industry, i.e., the cost component of the bottled drinking water. Obviously, there is a cost of manufacture; water has to be obtained from somewhere, probably taken out from tube-wells or rivers; it has to be filtered; it needs electricity and some machinery, plant and equipment. So, there is a cost of manufacture of filtered water. Secondly, a major component is cost of the bottle and the seal, which is a bought out item. Third is transportation of this bottled water from manufacturing point to various distribution channels and to the ultimate seller of the bottled water. Then, an important component is dealer or trade commission. Commissions are charged at every point. There are taxes like excise duty, local sales taxes etc. which the Government levies on bottled water. Then a huge component is advertising. Particularly, multinational companies which deal with this area, the packers of Colas, they are coming into this line and they are spending a huge amount of money for advertising which goes into cost. Ultimately, there are huge profits and these are the profits which need to be monitored through the Government by its mechanism of Bureau of Industrial Costs and Prices (BICP). There is an office of the Government of India which goes into the pricing of various industrial products. I think the Government of India should institute an inquiry to go into the actual costing of the manufacture of bottled water through the BICP or a similar mechanism which is available with the Government, which is at the disposal of the Government.

. The second point, which is a very important point, is about the quality of water. Who monitors the quality of the product, the bottled water, that we get? Who monitors it? Who inspects the manufacturing facility which is used to manufacture the bottled water? Who manufactures it? Who inspects the source of that water? As was indicated some time back, some of the mineral water bottles had a very high quantity of pesticides. Obviously, the source itself had a huge amount of pesticides, and it could not be removed through the filtration process. What is the mechanism for inspecting the product, the manufacturing facility or the source of water? Why was it that it was an NGO which blew the whistle on some manufacturers, and not a Government agency? There is a problem about what is water? Is it a food item? If it is a food item, then it is covered under the Prevention of Food Adulteration Act. It it is a medicine or a drug, it is covered under the Drugs and Cosmetics Act. It is neither. Therefore, there is no regulation, there is no control. It is a free-for-all industry, and it has its down effects because nobody controls it properly. There are specifications for mineral water. But the problem is that of a nomenclature. How is it to be classified? Is it mineral water? Is it bottled water? Is it packaged water? Is it aqua-mineral water? Is it naturally bottled water? Are the Bureau standards applied to all the bottled water? If it is mineral water, what is the source? Mineral water can be called 'mineral' if the source is a natural source. And there are many issues about it. Sir, the BIS prescribes standards. And there are standards. If you look at the bottles that we buy in the market, many of them do not have the standards printed on them. So, we do not know whether the manufacturing facility is inspected by the BIS or not, or whether it conforms to the World Health Organisation standards, because we find some bottles which have a table neatly printed on them, which indicates a maximum quantity of impurities. Why doesn't every bottle have that table? Who decides that the manufacturers print the table? If it is an advertising gimmick, then why can't the Government regulate that every water bottle is marked in a similar fashion? Labelling is an important issue. I demand that the maximum impurities certified by the WTO or some other international organisation or the BIS, must be mentioned on every drinking water bottle. The BIS standard followed must be indicated. The manufacturer's address and his telephone number

must be mentioned, and also that of the Inspector to whom we shall complain, if there is a problem, on the water bottle so that a person can telephone or write to him. And the labelling should also be done in a regional language along with English. You hardly find it in Hindi or in any regional language on the water bottle. There are all labelled in English. Is it meant only for the English-speaking population? It must be made compulsory that labelling is also done in a regional language; if it is Calcutta, it should be in Bengali and English or Hindi; if it is in Karnataka, it should be in Kannada. That can be easily made compulsory by a Government order. There is also a problem of counterfeiting with false labels, and the bottles which are recycled are also' obtained from the same manufacturer who is supplying to the primary manufacturer. What is the control that the Government has? Is there any authority in the Government of India, which monitors the number of bottles manufactured by a plastic bottle manufacturer so that he does not give it to some other spurious water bottle manufacturer? I do not know what kind of mechanism is there. There is none because we find that there are many bottles which are reused, recycled; plastic seals are being remade; the quality of some seals is very bad. They can be easily tampered with. Every bottle does not have a tamper proof seal. Why can't be Government come out with a regulation that every water bottle must have a tamper proof seal? Sir, to regulate all these issues, particularly the quality issue pertaining to water bottles, a comprehensive legislation and regulatory agency is required. I want to know whether the type of an agency as mentioned in the Resolution can be there, but it should comprise of the Health Authorities, the Medical Authorities, the Engineering Authorities, the Water Authorities and other expertise so that a strict regulation can be done. There is also a need for the Government to inform the public through media campaign, print, TV and radio, as to what they should look for, where they should make the complaint and how much they should pay for it.

After dealing with the quality of water, I will touch upon another important aspect, that is, environmental degradation by the plastic water bottles. It has now become a very serious issue. People consume the water in the plastic bottles and just discard the bottles. Those bottles clog the drains and it has a very bad

effect on the lakes and natural water bodies. It has now assumed an alarming proportion. The Environment Ministry has got a campaign against the use of plastic bags. Similarly, there is a need to have a campaign against the use of plastic bottles. There has to be compulsory collection of used plastic bottles by the manufacturers. They can give some money to the rag-pickers or somebody who collects them or the *kabadiwallas* so that they can be disposed of properly and are not re-used spuriously. There are many western countries which sell water in glass bottles because glass bottles are easy to recycle, but the plastic bottles are not. There is also an issue whether the plastic used in the bottled-water is food grade plastic or not. It is another issue.

The environment problem is a serious issue. There has to be some mechanism for recycling or disposing of it properly so that it does not fall into wrong hands. *(Time Bell).*

Just last point, Sir, and I will be done. It relates to taxes. As regards the taxes that we impose on the bottled-water industry, first of all, as I have suggested earlier, we must go into the costing of the whole industry through the Bureau of Industrial Costs and Prices (BICP). Whatever taxes the Government collects, it should be directly credited to the Rajiv Gandhi Drinking Water Mission or the Swajaldhara Mission, not to the Consolidated Fund of India, because the bottled drinking water can reach only a certain section of the population. Masses of people have to be taken care of by a public drinking water system. There is also a need, while going into the whole issue, for right pricing of the water, the municipal water, the village water, etc. If it is distributed free, then we will never be able to improve the situation.

With these suggestion, I commend the Resolution. This is a very important issue. It must engage the attention of all of us. I, once again, compliment the mover of the Resolution. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR ROY CHOWDHURY): Thank you, Mr. Chavan. Mr. Chavan was the last speaker. Mr. Minister.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT (SHRI ANNASAHEB M.K. PATIL): Sir, the hon. Member, Shri Abu Asim Azmi's Resolution has a lot of significance.

I appreciate the concerns expressed by the hon. Member in regard to the need for providing safe drinking water to the common man in the country. As many as nine Members have spoken on the subject and raised important issues pertaining to rural drinking water supply. I would like to respond to some of the important points and suggestion made by them.

Sir, supply of drinking water is a State subject. The Seventy-third and Seventy-fourth Constitutional Amendments vest powers with the State Governments to devolve powers, functions and finance, in a three-tier system, to the Panchayats. Therefore, the suggestions made and the issues discussed are very much related not necessarily to the Centre alone but to the States also. I would say that the questions raised by my friend, Shri Abu Asim Azmi, in his Resolution are, basically, on four aspects. One is the supply of safe drinking water in bottles. Secondly, water should be supplied through the PDS. Thirdly, it should "have a total coverage and should be pollution free. Lastly, he suggested that a Central Drinking Water Advisory Board should be constituted. These are the main objects of his Resolution.

Some other hon. Members, particularly Shri Suresh Pachouri, made various suggestions. He had stated that in five years the NDA Government has not done much. I would like to inform him that in these five years, from 1999 till today, more than 2,51,646 habitations have been covered with 40 litres of drinking water per day. If I give year-wise figures, on an average, not less than 50,000 to 55,000 habitations are covered every year. So far as expenses incurred for providing safe drinking water to habitations in rural areas is concerned, earlier Rs. 40,000 crores were spent for this purpose. But within a span of five years, from 1999 till today, more than Rs. 10,000 crores have been spent to provide safe drinking water to villages. As pointed out by some of the Members, there are various schemes which are sponsored by the Centre to supply safe drinking water, like the Accelerated Rural Water Supply Programme (ARWSP), Swajaldhara, which has been very well appreciated by most of the speakers and some other schemes under the Planning Commission, i.e. Minimum Need Programmes (MNPs). Although drinking water is a State subject, the Centre is assisting, to a great extent, various schemes, particularly

ARWSP wherein the Centre provides 50 per cent assistance and the remaining 50 per cent is borne by the State, there are some other schemes for which the Government of India gives 75 per cent assistance and the State has to spend only 25 per cent.

Some hon. Members talked about the decision taken in the Conference of the Ministers held in October 2001.I would like to state that the decisions which were taken in the Conference were about highlighting the norms for the supply of safe drinking water to villages and not about other issues. One of the decisions the Conference took was about how much weightage should be given for allocating funds under the drinking water schemes. Various factors were considered and it was decided that rural population should have 40 per cent weightage, the States under DDP and DPAP should have 35 per cent weightage, NC and PC areas, that is, Non-Covered or Partially Covered areas, should have 15 per cent weightage and quantity-affected villages should have 10 per cent weightage. So, by this way, 100 per cent allocation of funds under the drinking water schemes is done.

Sir, I would mention here that under the Swajaldhara Scheme, the participation of community is a major factor. Hence, the villagers would play a role in planning, implementation, operation and maintenance of the project. And, as regards funding, 90 per cent will be borne by the Centre and 10 per cent will have to be raised by the villagers/panchayats.

Recently, Sir, in order to meet the demands of safe drinking water in the country, our hon. Prime Minister has announced three innovatives/ revolutionary schemes which include (i) providing one lakh hand-pumps in water-scarce villages; (ii) providing drinking water in about one lakh primary schools; and (iii) reviving one lakh traditional sources of water. With all these three schemes, funds to the extent Rs. 360 crores per annum have been provided for. Sir, as it has been pointed out here, every year, the funding is very well-arranged. In the year 1999, funds to the extent of Rs. 1,700 crores were allocated. Now, in the year 2003-04, it has been raised to Rs. 2,585 crores, which means, it is almost 50 per cent higher than what it was five years back.

In fact, some Members have raised a point regarding quality of water. This problem has also been tackled very well by the Government. For instance, as regards the flouride problem, 36,988 village/habitations are going to be covered by the Government of India. We would be providing sufficient funds to the flouride affected villages.

The other aspect, which was raised, was about blackishness of water. I would say that blackishness of water is being tackled at various places by reverse osmosis process and distillation process. And, it has been seen that this has resulted in getting good quality of water.

Sir, as regards the four other points which Shri Azmi has raised while speaking on his Resolution, one was regarding poly packed bottled water. I would say that ensuring poly packed water may not be feasible because if we look into the requirement of the whole country, even if we calculate It on the basis of 3 litres of drinking water per person and 5 litres of water for cooking purposes, that is, 8 litres per capita, with the present population of 105 or 107 crores, it would account for 840 crores of bottles of water. It means, 840 crores of bottles of 1 litre capacity should be provided every day, which looks quite impossible. As far as his suggestion, that water should be supplied through the PDS outlets is concerned, we have already been having correspondence with the Department of Food and PDS. They have not accepted this suggestion and have written that the PDS caters only to the supply of foodgrains, sugar and kerosene. In any case, Sir, if it has to go through the PDS outlets, it will be just impossible to distribute 18,000 water bottles per outlet, and there are 4.75 PDS outlets in the country. Twenty per cent of our population lives in hilly and remote areas. It will be very difficult to reach these water bottles to such inaccessible areas. Thirdly, the hon. Member has suggested the formation of a Central Board for Safe Drinking Water. Sir, there are already so many boards. We have the Rajiv Gandhi Water Mission; and so many boards are already there.

Now, three things are very important. One is the formation of policy and assistance from the Central Government. Then, it is the execution of that policy by the States, through the bureaucracy at the Centre and in the States. The third important link is the man who is ultimately going to get benefited. It will be very difficult to coordinate the activities at all these three levels, Sir, I feel the suggestion made by the mover of the Resolution that safe drinking water should be supplied in bottles and poly-packs through the PDS outlets is neither feasible nor practical and in view of the huge water requirement in the country which I have already mentioned. In view of this, Sir, I request the hon. Member to withdraw his Resolution.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR ROY CHOWDHURY): Mr. Azmi, would you like to reply?

ابوعاصم اعظمی : مسٹروائس چئرمین صاحب، یہ توہمیں اچھی طرح سے پتہ ہے کہ جب کوئی ریزیولیوشن ہاؤس میں آتا ہے توسٹہ پکش کا کام ہوتا ہے- ریجیکٹ کرنا، لیکن میں تمام ان ساتھیوں کا، جنہوں نے اس ریزیولیوشن کی چرچہ میں بھاگ لیا، دھنیواد کرتاہوں- میرا ماننا ہے کہ یہ واٹر کی جوپرابلم ہے، یہ بہت ہی جولئیل اوربہت ہی اہم پرابلم ہے- کسی طرح سے بھی آج جوبڑی بڑی کمپنیاں یہاں آکرکاروبار کرکے ایک ایک لیٹرپانی کا بارہ بارہ روپیہ، پندرہ پندرہ روپیہ لیتی ہیں یعنی دودھ اورپانی کا بھاؤ ایک کئے ہوئے ہیں، اس بارے میں میں چاہوں گا کہ یہ ہاؤس کسی طرح سے اس پرڈکشن کرکے کوئی ایسا ایک اپائے بنائےتاکہ عام جنتا کوایک لیٹرپینے کا پانی کم سے کم تین چار روپے میں ہی مل سکے- ایک تواس کی طرف ہمیں دھیان دینا ہوگا اوردوسرے، کوکا کولا کمپنی جواسٹیٹس میں جاکر فیکٹریز کھول رہی ہیں،جہاں پانی کا بلکل ابھاؤ ہوتا جارہا ہے، پانی کی سطح بلکل نیچے جارہی ہے،اس کی طرف بھی اس ہاؤس کودھیان دینا ہوگا-

میں زیادہ وقت نہ لیتے ہوئے پھرسے اپنے تمام ساتھیوں کا دھنیواد کرتا ہوں اوراس ریزرولیوشن کے مادھیم سے جو چرچہ ہوئی ہے، اس بارے میں کسی طرح سے بھی، کچھ کرکے سموچے دیش میں پانی کی جوکمی ہوتی جارہی ہے،اس پر دھیان دینا ہے- یہ دیش آج آزاد ہوچکا ہے اورکہنے کوتوہم بڑی ترقی کرچکے ہیں لیکن آج سے 55-50سال پہلے جب گاؤں میں چھوٹے چھوٹے تالاب بھی کھودے جاتے تھے توان کتنے زوددار طریقے سے پانی نکلتا تھا-کہیں بھی کنویں کھودے جاتے تھے یانل لگائے جاتے تھے، توان میں پانی نکلتا تھا، لیکن آج آزادی کے اتنے سالوں کے بعد اوراتنی ترقی کرنے کے بعد حالت یہ ہورہی ہے کہ کنویں کھودے جاتے ہیں توپانی ندارد ہے، نل لگائے جاتے ہیں توپانی نہیں ملتا- پانی کی سطح نیچے جارہی ہے، یہ ایک بہت ہی گنبھیرمسئلہ ہے اورکہا جارہا ہے کہ اگر تھرڈ ورلڈ وار ہوگا توپانی پرہوگا- یہ ایک بہت ہی سنگین مسئلہ ہے- آج اسکی وجہ سے بیماری کتنی بڑھتی جارہی ہیں، کینسر اوراسی طرح کی دوسری ایسی ایسی بیماریاں ہوتی جارہی ہیں، جوختم ہوچکی تھیں،آج اس دوشت پانی کے کارن وہ بیماریاں دوبارہ سراٹھا رہی ہیں- دوشت پانی سے نہانے کی وجہ سے لوگوں کے بدن پربیماریاں بڑھتی جارہی ہیں- چھوٹے چھوٹے بچوں کے اندر بیماریاں بڑھتی جارہی ہیں-

اس لئے یہ ایک بہت ہی سنگین مسئلہ ہے،اس پرچرچا کرکے ہمیں پینے کے صاف پانی کے لئے کچھ نہ کچھ آندولن کرکے اسے مہیا کرانا ہے-میں پھرایک بار سب کا دھنئے واد کرتا ہوں- شکریہ-

"ختم شد"

†**श्री अबू आसिम आजमी :** मिस्टर वाइस चेयरमैंन साहब, यह तो हमें अच्छी तरह से पता है कि जब कोई रेजोलूशन हाउस में आता है तो सत्ता पक्ष का काम होता है उसे रिजेक्ट करना, लेकिन मैं तमाम उन साथियों का, जिन्होंने इस रेजोलूशन की चर्चा में भाग लिया, धन्यवाद करता हूं । मेरा मानना है कि यह वाटर की जो प्रोब्लम है, यह बहुत ही ज्वलनशील और बहुत ही इम्पोर्टेण्ट प्रोब्लम हैं । किसी तरह से भी आज जो बड़ी-बड़ी कंपनिया यहां आकर व्यापार करके एक-एक लीटर पानी का बारह-बारह रूपया, पन्द्रह-पन्द्रह रूपया लेती है यानि दूध और पानी का भाव किए गए है, इस बार में मैं चाहूंगा कि यह हाउस किसी तरह से इस पर डिसकश करके कोई ऐसा एक उपाय बनाए ताकि आम जनता को एक लीटर पीने का पानी कम से कम तीन-चार रूपए में ही मिल सके। एक तो इस ओर हमको ध्यान देना होना और दूसरे, कोका-कोला, कंपनी जो स्टेट्स में जाकर फैक्टरीज खोल रही है, जहां पानी का बिल्कुल अभाव होता जा रहा है, पानी की सतह बिल्कुल नीचे जा रही है, उस ओर भी इस हाउस को ध्यान देना होगा । मैं ज्यादा समय न लेते हुए फिर से अपने तमाम साथियों का धन्यवाद करता और इस रेजोल्यूशन के लिए उनसे फिर से रिक्वेस्ट करूंगा कि हमें इस रेजोल्यूशन के माध्यम से जो चर्चा हुई है, उस बारे में किसी तरह से भी, कुछ करके समूचे देश में पानी की जो कमी होती जा रही है, उस पर ध्यान देना है। यह देश आज आजाद हो चुका है और कहने को तो हम बड़ी तरक्की कर चुके हैं लेकिन आज से 50-55 साल पहले जब गांवों मेंं छोटे-छोटे तालाब भी खोदे जाते थे तो उनमें कितने जोरदार तरीके से पानी निकलता था। कहीं भी कुए खोदे जाते थे या नल लगाए जाते थे, तो उनमें पानी निकलता था, लेकिन आज आजादी के इतने वर्षो के बाद और इतनी तरक्की करने के बाद हालत यह हो रही है कि कुएं खोदे जाते है तो पानी नदारद है, नल लगाए जाते हैं तो पानी नहीं मिलता । पानी की सतह नीचे जा रही है, यह एक बहुत ही गंभीर मसला है और कहा जा रहा है कि अगर थर्ड वर्ल्ड वार होगा तो पानी पर होगा। यह एक बहुत ही संगीन मसला है। आज इसकी वजह से बीमारियां कितनी बढ़ती जा रही हैं, केसर और इसी तरह की अन्य ऐसी-ऐसी बीमारियां होती जा रही हैं, जो खत्म हो चुकी थी, आज इस दूषित पानी के कारण वे बीमारियां दोबारा सर उठा रही हैं । दूषित पानी से नहाने की वजह से लोगों के बदन पर बीमारियां बढ़ती जा रही है। छोटे-छोटे बच्चों के अंदर बीमारियां बढती जा रही हैं।

इसलिए यह एक बहुत ही सीरियस मामला है, इस पर चर्चा करके हमें पीने के साफ पानी के लिए कुछ न कुछ1 आंदोलन करके इसे उपलब्ध कराना है। मैं फिर एक बार सबका धन्यवाद करता हूं । शुक्रिया ।

†Translitration of Urdu speech.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR ROY CHOWDHURY): Mr. Azmi, are your withdrawing your Resolution, or, should I put it to vote?

SHRI ABU ASIM AZMI: Sir, please put it to vote.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: Sir, the usual practice in this august House on the Private Member's Resolutions or Bills is, a Member may press his points, but the Chair is requested not to put it to vote, I hope, the hon. Member would follow the convention of the House, and withdraw his Resolution. Unless the problem is very pressing, he should not press for a vote. *(Interruptions)* I have been saying this as an experienced Member of this House for the last 12 years. This is the usual practice of the House. He can seek the information from the Minister. The hon. Member should finally withdraw it.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR ROY CHOWDHURY): Mr. Azmi, are you withdrawing it?

SHRI ABU ASIM AZMI: No, I am not withdrawing it.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR ROY CHOWDHURY): I shall now put the Resolution to vote. The question is:

> "Having regard to the fact that clean drinking water is a life saving necessity of mankind and non-availability thereof makes victim of various fatal diseases and his efficiency is reduced and in order to exploit the shortage of safe drinking water number of big companies selling drinking water in the name of "mineral water" have entered the market but the price of water being sold by them is so high that the common man cannot afford to purchase it and apart from this, if water is supplied through pipelines or carriers there always remains a risk of its getting contaminated in the process;
>
> this House urges upon the Government to take effective steps to provide safe drinking water in the form of bottled or poly packed water to the common man in the country and include it in public distribution system like food articles and set up a Central Drinking Water Advisory Board to make sufficient arrangement for safe drinking water."

The Resolution was negatived.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR ROY CHOWDHURY): Now, the next Resolution is to be moved by Shri Ramachandra Khuntia. But, before taking up that Resolution, may I just take the sense of the House, as we have got 15 minutes left to five? A sufficient time of two hours is allotted for this, and there are three speakers who would be speaking on this Resolution. Should we continue with it?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI O. RAJAGOPAL): Sir, the hon. Member can move his Resolution now.

SHRI B.J. PANDA: Sir, with 15 minutes extension, we can wind up the discussion on that Resolution also. This is an important Resolution.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR ROY CHOWDHURY): I would like to take the sense of the House. One alternative being suggested is, Mr. Khuntia may move the Resolution, and we will discuss it later.

AN HON. MEMBER: Yes, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR ROY CHOWDHURY): So, in that case, Mr. Khuntia, kindly move the Resolution and we will discuss it later.

Declaration of Orissa as a Special Category State

SHRI RAMACHANDRA KHUNTIA (Orissa): Sir, I move the following Resolution:—

"Having regard to the fact that the State of Orissa is still mired in economic backwardness, fragile resource base, frequent natural calamities including Super Cyclone in 1999, perennial drought and floods, loan burden of Rs. 27,000 crores and interest burden of Rs. 3,700 crores per annum, this House is of the opinion that Orissa is the poorest State in the whole of the country with 47.15% people living below poverty line, 38.41% population of Scheduled Castes and Scheduled Tribes, literacy still